हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026



## खबर संक्षेप

### वाद-विवाद, दो पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाद-विवाद करने के मामले में पुलिस ने दो युवको पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी सुरगी क्षेत्र के हल्दी के वार्डवासियों द्वारा प्राप्त शिकायत के संबंध में की गई पूछताछ के दौरान यह पाया गया कि अनावेदकगण द्वारा वार्डवासियों को पुलिस में शिकायत करने पर आक्रोश व्यक्त करते वाद-विवाद किया। जिससे शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने तथा संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना बनी हुई थी, जिस पर ताम्रध्वज निषाद 27 वर्ष व रूपेश निषाद 38 वर्ष को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय से जेल वारंट जारी होने पर दोनों अनावेदकों को जिला जेल दाखिल कराया गया।

### स्कूली बच्चों को दी आत्म सुरक्षा की जानकारी

**राजनांदगांव।** रक्षा टीम द्वारा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम लिटिया के स्कूली बच्चों को सेफ-अनसेफ टच व आत्म-सुरक्षा की जानकारी दी गई।

पुलिस के अनुसार 19 जनवरी को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम लिटिया जिला राजनांदगांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रक्षा टीम, स्टॉफ, महिला इकाई की महिला आरक्षक रीनू मेश्राम, आरक्षक अमित जाटवर एवं आरक्षक वाहन चालक शेषनारायण द्वारा कक्षा 1वीं से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं को सेफ टच एवं अनसेफ टच, स्वयं की सुरक्षा, नशे से दूर रहने तथा मोबाइल के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय के शिक्षक स्टाफ को अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कर उसके उपयोग के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में लगभग 96 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के पहले विद्यार्थियों को मिलेगी आवासीय कोचिंग, अंग्रेजी और गणित विषय के लिए ब्लॉकों में भी विशेष कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम में जिला स्तर को अपग्रेड करने की दिशा में शिक्षा विभाग ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्री-बोर्ड का रिजल्ट की घोषणा के साथ ही मेधावी बच्चों के लिए राजनांदगांव में सात दिनों के लिए आवासीय कोचिंग देने की तैयारी की गई है। वहीं प्री-बोर्ड में जिन विद्यार्थियों का परिणाम अपेक्षाकृत कम आया है, उन्हें ब्लॉक स्तर पर 16 सेंटरों में कोचिंग दी जाएगी। कोचिंग में अंग्रेजी और गणित पर विशेष फोकस किया जाएगा।

## मेधावी बच्चों के लिए सात दिनों के लिए आवासीय कोचिंग की तैयारी

### अगले माह बोर्ड परीक्षा

शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा के ठीक पहले कोचिंग देने की तैयारी की गई है। 20 फरवरी से कक्षा बारहवीं और 21 फरवरी से कक्षा दसवीं की परीक्षाएं शुरू होनी है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पिछले दिनों आहूत बैठक में परीक्षा के ठीक पहले विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए कोचिंग देने के निर्देश जारी किए थे।



### तैयारियां शुरू

कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के पहले कोचिंग दी जाएगी। इसकी तैयारियां शुरू हो गयी है। शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है।

- प्रवास सिंह बघेल, डीईओ

### मिलेगी कोचिंग

कक्षा दसवीं और 12वीं बोर्ड के 100 विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें आवासीय कोचिंग दी जाएगी। शिक्षा विभाग का कहना है कि 50 विद्यार्थी कक्षा दसवीं और 50 विद्यार्थी कक्षा 12वीं के चयनित किए जाएंगे। वहीं ब्लॉकों में दी जाने वाली कोचिंग के लिए संख्या का निर्धारण नहीं किया गया है। हर सात से आठ किलोमीटर के दायरे में कोचिंग केंद्र शुरू कर एक हफ्ते विशेष कक्षाएं लगाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग द्वारा इस साल शिक्षा सत्र के शुरूआत के साथ ही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर स्कूलवार लगातार समीक्षा की जा रही है। करीब छह माह तक 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को ऑनलाइन कोचिंग भी दी गई है। कोचिंग के जरिये उन विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जो पढ़ाई में काफी अच्छे हैं और जो अपेक्षाकृत कमजोर हैं। इन विद्यार्थियों की ग्रेडिंग कर स्कूल स्तर पर एक-एक विद्यार्थियों को फोकस किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि राजनांदगांव जिले के सभी सरकारी स्कूलों में अभी प्री-बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है।

⏩ शेष पेज 12पर

## कई बिन्दुओं पर पुलिस की जांच जारी

# धर्मांतरण के लिए अमेरिका से आता था फंड कार्यशाला में बनी विस्तार की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धर्मापुर गांव में मिशनरी आश्रम की आड़ में धर्मांतरण के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा होने के बाद पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल तेज कर दी है। राज्य के विभिन्न जिलों से तार जुड़े होने के चलते पुलिस ने आज देवेन्द्र चाको सहित करीब दर्जनभर लोगों को तलब कर पूछताछ की है। ऐसी चर्चा है कि दिसंबर माह में आयोजित एक कार्यशाला की आड़ में भी धर्मांतरण के विस्तार को लेकर कई रणनीति तैयार की गई थी। पुलिस ने विदेशों से मिले फंड की भी जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सुकुलदैहान पुलिस चौकी के अधीन धर्मापुर गांव में एक मिशनरी आश्रम की आड़ में धर्मांतरण किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने वहां दबिश दी थी। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आश्रम से कई उपकरण, डिजिटल साक्ष्य और धर्मांतरण के लिए तैयार किए गए प्रेजेंटेशन भी जब्त किए थे। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में थाना लालबाग द्वारा आरोपी डेविड चाको के विरुद्ध छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3, 4 एवं 5 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी।

### संदिग्ध पुस्तकें भी जब्त

जांच के दौरान कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संदिग्ध प्रशिक्षण मॉड्यूल से संबंधित पुस्तकें भी जब्त की गई है। इन पुस्तकों में प्रयुक्त शब्दावली, उनके अर्थ, पर्यायवाची शब्दों तथा उन्हें प्रचारित किए जाने के उद्देश्य के संबंध में आरोपी से विस्तार से पूछताछ की जा रही है।



### प्रशिक्षण की आड़ में संदिग्ध विषयों पर चर्चा

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इसके अतिरिक्त माह दिसंबर में छत्तीसगढ़ में इस संस्थान द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ से आरोपी के समकक्ष स्तर के अन्य व्यक्तियों की सहभागिता पाई गई है। उक्त प्रशिक्षण में जिन विषयों पर सत्र आयोजित किए गए थे, उनमें से कुछ विषयों की प्रकृति संदिग्ध पाई गई है।

### ग्रॉसरूट स्तर पर सक्रिय थे पाल

विवेचना में यह भी सामने आया है कि आरोपी के अधीनस्थ स्तर पर कार्यरत कुछ ऑफिस बेयर्स, जो ग्रॉसरूट स्तर पर सक्रिय थे तथा जिनका पदनाम "पॉल" बताया गया है, उन्हें ट्रैवल वाउचर्स के माध्यम से भुगतान किया जाता था। इस संबंध में यह जांच की जा रही है कि ये ट्रैवल वाउचर्स ऑनलाइन माध्यम से क्लेम किए जाते थे अथवा नगद तथा इसके लिए धनराशि किस स्रोत से प्राप्त होती थी।

**जांच जारी**

प्रकरण की विवेचना निरंतर प्रगति पर है एवं प्राप्त तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष, विधिसम्मत एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- अंकिता शर्मा, एसपी

### आरोपी डेविड चाको से पूछताछ

प्रकरण की विवेचना के क्रम में पुलिस द्वारा आरोपी डेविड चाको से गहन पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान पूर्व में जब्त किए गए ट्रैवल वाउचर्स, एकॉमोडेशन प्लान, विभिन्न पुस्तकें एवं अन्य दस्तावेजों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी ली जा रही है। जांच में यह तथ्य सामने आए हैं कि आरोपी द्वारा प्रयुक्त कई महत्वपूर्ण पुस्तकें एवं प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। इन पुस्तकों को खरीदने हेतु प्रयुक्त धन राशि किस रूप में प्राप्त होती थी, उसका स्रोत क्या था, इन सभी बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है।

### वित्तीय प्रबंधन की जांच पड़ताल

आरोपी द्वारा अमेरिका में अध्यापन के पश्चात भारत लौटने पर प्राप्त कथित धनराशि के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। यह जांच की जा रही है कि उक्त धनराशि किस माध्यम से भारत लाई गई, किस खाते से किस खाते में स्थानांतरित हुई तथा किस प्रक्रिया के अंतर्गत डॉलर से नगद अथवा अन्य स्वरूप में परिवर्तित की गई।

# लूट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड में सवार होकर शराब खरीदने प्रार्थी मोहारा देशी शराब भट्ठी गया हुआ था। जिससे आरोपियों ने नगदी व कागजात की लूटकर फरार हो गए थे। बसंतपुर पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

- बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 18 जनवरी को दोपहर लगभग 01 बजे वह अपने साथी के साथ अपनी स्कूटी एक्टिवा से मोहारा शराब भट्टी शराब खरीदने गया था।

उसी दौरान दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हाथ-मुक्कों एवं गमछा में बंधे पत्थर से मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी देते प्रार्थी के हाथ में रखे नगदी राशि 3200 रुपए एवं अन्य दस्तावेज लूटकर आरोपी फरार हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 296, 115(2), 351(2), 309(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### गमछा में बंधा पत्थर जब्त

इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की गई। गठित टीम द्वारा आरोपी सौरभ दास मानिकपुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपने साथी देवा यदु के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से लूट की गई राशि में से 500 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त गमछा में बंधा पत्थर जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की तलाश सरगर्मी से जारी है।

## माए एंगल




# पड़ोसी राज्य से तस्करी रोकने आधी रात पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में चल रही धान की सरकारी खरीदी के बीच महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से अवैध धान की तस्करी को रोकने के लिए करीब दो दर्जन से ज्यादा अफसर रतजगा कर रहे हैं। कोचियों की धरपकड़ करने के लिए न केवल जांच चौकियां, बल्कि खरीदी केंद्रों में भी आधी रात दबिश देकर जांच पड़ताल की जा रही है। नेशनल हाईवे के अलावा अंदरूनी इलाकों की सड़कों में भी प्रशासनिक अमला रातभर दौरा कर रहा है। यही कारण है कि जिले में सरकारी खरीदी के दौरान व्यापक पैमाने पर कार्रवाई भी हो रही है।




उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अवैध धान को रोकने और कोचियों पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। सीएम के निर्देश के चलते राज्य शासन द्वारा हर जिलों में हो रही कार्रवाई की लगातार समीक्षा की जा रही है। अवैध धान को जब्त करने में राजनांदगांव जिला पूरे प्रदेश में अव्वल चल रहा है। सरकारी खरीदी को अब सिर्फ नौ दिन शेष रह गए हैं। यही कारण है कि कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने अब अवैध धान को जब्त करने के लिए नई रणनीति तैयार की है।

### खरीदी केंद्रों में भी दबिश

सूत्रों ने बताया जनवरी माह के शुरूआती दिनों से प्रशासन ने अपर कलेक्टर से लेकर तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को आधी रात दौरा करने के निर्देश जारी किए हैं। प्रशासनिक अमला रात होते ही जिले के दौरे पर निकल रहा है। अवैध धान को रोकने के लिए जिले में बनाए गए बेरियर में पहुंचकर अफसर जहां निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं खरीदी केंद्रों में भी दबिश दी जा रही है। बताया जाता है कि नेशनल हाईवे के अलावा प्रशासन की नजरें कोचियों के चोर रास्ते में भी टिकी हुई है। रातभर कार्रवाई के बाद प्रशासनिक अमला सुबह लौट रहा है। इसके बाद सुबह से रात तक के लिए भी अफसरों को नियुक्त किया गया है, जो लगातार दिनभर चेकिंग में लगे हुए हैं। यही कारण है कि राजनांदगांव जिले में अभी तक करोड़ों रुपए का धान जब्त हो गया है और कोचियों पर भी लगातार कार्रवाई हो रही है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं...
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बिमारियों का ऑपरेशन
- आमाशय एवं अग्नाशय की बिमारियों का ऑपरेशन
- मलद्वार का बाहर आ जाना, हाईड्रोसील का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन, स्तन के गांव का ऑपरेशन
- तापतिल्ली (स्प्लीन वृषण ट्यूमर)
- सभी प्रकार के लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन





डॉ. देवांगन पॉल चौधरी
MBBS, MS, FMAS, FILP
OPD : 10 AM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## मेयर के आश्वासन बाद कल से काम पर लौटेंगे सफाईकर्मी

# वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज सुबह नगर निगम में ठेके पर कार्यरत प्लेसमेंट के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल करते हुए काम बंद कर दिया। इन सफाई कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक वार्डों में सुबह होने वाली सफाई व्यवस्था ठप हो गई। सभी सफाई कर्मचारी नगर निगम परिसर में धरने पर बैठ गए।

नगर निगम में बम्बे ठेकेदार के अधीन कार्यरत 92 सफाई कर्मचारियों ने 7 माह से वेतन नहीं मिलने से नाराजगी जताते हुए हड़ताल शुरू कर दिया। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने बताया कि ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा सात माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। वहीं 3 साल से ईपीएफ भी जमा नहीं किया गया है। जिसकी वजह से सफाई कर्मचारियों को अपनी जीविका चलाने में काफी कठिनाई हो रही है।

### आश्वासन मिलने से हड़ताल समाप्त

सफाई कर्मचारियों को 7 में से 3 माह का वेतन डालने और मार्च माह तक ईपीएफ की राशि जमा किए जाने का आश्वासन मिलने के बाद सफाई कर्मचारियों ने अपना हड़ताल समाप्त किया।



### 17 माह का हुआ है भुगतान

सफाई कर्मचारियों के हड़ताल को लेकर महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम पहुंचकर कर्मचारियों से बातचीत करते हड़ताल समाप्त करने कहा। उन्होंने कहा कि हड़ताल पर चले जाना व्यवहारिक नहीं। समस्या को लेकर पहले बातचीत किया जाना था। वहीं उन्होंने कहा कि हमने ठेकेदार को 17 महीने का भुगतान किया है, फिर भी ठेकेदार द्वारा ईपीएफ जमा नहीं किया गया है।

### वेतन नहीं मिलना दुर्भाग्यजनक : मुदलियार

इधर कर्मचारियों द्वारा हड़ताल किए जाने की सूचना मिलने पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले भी निगम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कलेक्टर दर से कम रेट में निगम के ठेका कर्मचारियों को काम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सात माह से इन कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया गया है। ट्रिपल इंजन की सरकार कर्मचारियों का भुगतान नहीं कर पा रही है, यह दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने कहा कि हमने आयुक्त से बात की है। आयुक्त ने तीन माह का वेतन डालने का आश्वासन दिया है।

### तीन साल से ईपीएफ जमा नहीं

सफाई ठेके के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने बताया कि बम्बे ठेकेदार सतीश अन्ना द्वारा लगभग 3 साल से उनका ईपीएफ जमा नहीं किया जा रहा है। कई बार मांग करने के बाद भी ईपीएफ की राशि जमा नहीं की गई है। वहीं 7 माह से वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। नगर निगम द्वारा ठेकेदार को लगभग 17 माह का भुगतान हुआ है। इसके बाद भी कर्मचारियों को वेतन नहीं दिए जाने को लेकर सफाई कर्मचारियों ने नाराजगी जाहिर की और काम बंद कर हड़ताल पर चले गए।

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| सेल्समेन | 1. अंबागढ़ चौकी | 2 पद |
| | 2. मोहला | 2 पद |

नोट : आकर्षक वेतन, मोटर साइकिल अनिवार्य.
इंटरव्यू दिनांक : 28 जनवरी, प्रातः 11 बजे से
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स
मेरे गांव, अंबागढ़ चौकी 7999705353
हेड ऑफिस- स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
मो. 9977184777, 8120006476

खबर संक्षेप

### पटेवा मंडई 24 को

**पटेवा।** पटेवा में आगामी 24 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए मोर मयारू नाच पार्टी छेड़िया भरदा का कार्यक्रम रखा गया है। सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा, उपसरपंच विरेन्द्र हिरवानी ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### जतारा पेन पूजा आज से



**डोंगरगढ़।** कलकसा आदिवासी गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र शिवपुरी एवं लिंगन गढ़ गोंडवाना सेवा समिति के तत्वावधान में 20 से 22 जनवरी तक लिंगनगढ़ जतारा पेन पूजा का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में तहसील इकाई डोंगरगढ़ के मदन उईके, कवल धावड़े, लाल मक्के सहित स्थानीय भूमिकाओं द्वारा सेवा अर्जी दिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष संजय उईके, मुड़ादार दानी मंडावी, सचिव तेजराम छेदईया ने सामाजिकजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

## सुस्त परिवहन से खरीदी केन्द्रों में जाम की स्थिति

# अंतिम दौर में धान की बंफर आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सरकार द्वारा किसानों का धान 29 जनवरी तक खरीदा जाएगा। जिन किसानों को 30 जनवरी का टोकन मिला था उनके टोकन में संशोधन कर एक दिन पहले बुलाया गया है।

धान खरीदी के अंतिम पड़ाव में उपार्जन केन्द्रों में धान की बंफर आवक बनी है किन्तु परिवहन के सुस्त होने से कई केन्द्रों में पैर रखने की जगह नहीं बची है। कहीं कहीं धान रेक पर धान की तौलाई किया जा रहा है। आशंका जताया जा रहा है कि धान का उठाव नहीं हुआ तो शेष दिनों में धान खरीदी करना मुश्किल हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार धान उपार्जन केन्द्र बुन्देली, विचारपुर, संडी, कुकुरमुडा अतरिया,एवं ठाकुरटोला में धान भंडारण की समस्या लगातार बढ़ रही है। इन केन्द्रों ने टारगेट का 80 फीसदी धान खरीद लिया है। शेष आठ दिन में लक्ष्य तक पहुंचा बड़ी चुनौती है। एक तरफ धान की आवक तेज हुई है तो दूसरी तरफ परिवहन सुस्त है। जानकारी अनुसार उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से तीन गुना अधिक धान का संग्रहण हो गया है।

### 29 जनवरी तक होगी खरीदी



#### 7 दिन चलेगी खरीदी

उपार्जन केन्द्रों में अब तक 80 प्रतिशत किसान धान बेच चुके है। अगले सात दिन तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। उपार्जन केन्द्रों में आगामी 29 जनवरी तक सभी किसानों का धान खरीदने का लक्ष्य है। आगामी 30 जनवरी को जिन किसानों को पूर्व में टोकन जारी हो गया था उनके टोकन में सुधार कर 29 जनवरी को धान बेचने बुलाया गया है। जो किसान धान बेचने से वंचित रह गए है उन्हें केन्द्र बुलाकर टोकन जारी किया जा रहा है।

## कोचिया का 90 कट्टा धान पकड़ाया

- रामाटोला धान खरीदी केंद्र का मामला

**डोंगरगढ़।** प्रशासनिक सख्ती के बाद भी कोचिया धान खपाने से बाज नहीं आ रहे हे। शुक्रवार को रामाटोला खरीदी केंद्र में कोचिया के धान को बेचने के प्रयास का खुलासा हुआ। किसान 90 कट्टा धान बेचने पहुंचा था जिसे लेकर केंद्र में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी।

जानकारी के अनुसार रामाटोला धान खरीदी केंद्र में शुक्रवार को कुल 37 किसानों को टोकन जारी किया गया था। झंडातलाव के किसान चेतन 182 कट्टा धान बेचने केंद्र पहुंचा था जिसमें से 90 से अधिक कट्टा धान कोचिया का था जिसे वह अपने पर्चे से बेचने की तैयारी में था। खुलासा होने के बाद समिति प्रबंधक प्रवीण बोरकर ने 90 कट्टा धान वापस कर दिया है।

#### रबी का धान भी बिक गया

जानकारी के अनुसार एक किसान ने अपने पर्चे से रबी सीजन का धान बेच रहा था। मामले का खुलासा होने के बाद धान को वापस कर मामला रफा दफा कर दिया गया है। सवाल यह है कि जब कोचिया का धान होने की पुष्टि हो गई थी तो धान को जब्त क्यों नहीं किया गया?

## भाजपाई बने परिक्रम पथ निर्माण में रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पर्यटन को बढ़ावा देने और दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह ने परिक्रमा पथ निर्माण की स्वीकृति दिलाई थी। अब भाजपा के कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने फायदे के लिए दबाव बनाया जा रहा है जिसके चलते शहर में विवाद की स्थिति बन रही है।

कुछ प्रभावशाली लोगों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर सर्वे को नजर अंदाज कर अपने रिश्तेदार की जमीनों के बीच से निर्माण करने फेरबदल कराया जा रहा है जिसे लेकर विवाद की स्थिति बन रही है।

परिक्रमा पथ को लेकर अब शिकायत का दौर शुरू हो गया है। परिक्रमा पथ का सर्वे पूरा होने और बजट में मंजूरी मिलने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है। पर्यटन विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण परिक्रमा पथ का निर्माण प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक दखल की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। लगभग 55 करोड़ की यह परियोजना बीते तीन साल जहां के तहां है जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

#### कई धर्म जुड़ते

इस मार्ग के माध्यम से नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर, ऊपर मंदिर, शिवधाम जटाशंकर पर्वत, चंद्रगिरि, एडवेंचर जोन, रावटीधाम, प्रज्ञागिरि तीर्थ, मां बम्लेश्वरी पार्किंग क्षेत्र और रेलवे स्टेशन को जोड़ने का प्रावधान किया गया।इस कार्य में चार गांवों की लगभग तीन हेक्टेयर भूमि प्रभावित हो रही थी।प्रशासन ने जमीन की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध तो लगा दिया, लेकिन अब तक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। नागरिकों का आरोप है कि भूमि अधिग्रहण को जानबूझकर लंबित रखा गया है।

#### सर्वे के बाद बदली दिशा

जानकारी के अनुसार सर्वे पूरा होने के बाद एलाइनमेंट बदलने और परियोजना पर पुनर्विचार की चर्चाओं ने मामले को और संदिग्ध बना दिया है। कुछ जनप्रतिनिधि प्रस्ताव के विपरीत दिशा को मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने लगभग 8 किलोमीटर लंबा परिक्रम पथ बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। परियोजना की डिजाइन सामने आने के बाद इसे जनसमर्थन मिला था। तकनीकी डॉइंग बनने के बाद भी निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका।

## एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 10 जनवरी को प्राचार्य डॉ.अंजली अवधिया की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुरभि महोबे स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अंबालिका ठाकुर स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रही।

विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं एवं उससे उत्पन्न रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। डॉ.सुरभि महोबे द्वारा स्त्री रोग से संबंधित समाज में फैले मिथकों का खंडन करते हुए इनके निवारण पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. अंबालिका ठाकुर द्वारा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीन लगवाने हेतु छात्राओं एवं महिला प्राध्यापकों को प्रोत्साहित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिनिधियों द्वारा बाल विवाह के रोकथाम के लिए छात्राओं एवं प्राध्यापकों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ.युगेश्वरी साहू द्वारा इस कार्यशाला के बहुआयामी उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

#### छात्राओं ने रखी समस्याएं

कार्यक्रम का संचालन नीलम राम धनसाय द्वारा किया गया। छात्राओं द्वारा अपनी समस्या विशेषज्ञों के समक्ष रखकर उसके समाधान के बारे में जानकारी ली गई। कार्यक्रम में डॉ.बृजबाला उइके, डॉ.नीता एस.नायर एवं महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ.उषा सोनवानी, डॉ.चेतना गुप्ता, डॉ.दुर्गा शर्मा, खुशबू राजपूत, कामिनी देवांगन, प्रिया तलरेजा, गीता साहू, हर्षा कुशवाहा, शैलजा तिवारी एवं सानवी पंजवानी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में नीलम राम धनसाय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## 18 एकड़ वासियों से रूबरू हुए महापौर

- पानी सप्लाई समस्या का समाधान करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महापौर मधुसूदन यादव वार्ड नं. 19 के पुलिस लाइन 18 एकड़ पहुंच पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, वार्ड पार्षद रेखा अभय पारख के साथ 18 एकड़वासियों से रूबरू होकर उनकी समस्यों से अवगत हुए। उन्होंने पानी की समस्या के संबंध में चर्चा कर समाधान करने प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम को निर्देशित किया।

महापौर से 18 एकड़वासियों ने कहा कि इस कालोनी की प्रमुख समस्या पानी की है। यहां पानी सप्लाई के लिए दो टंकी निर्मित है, एक टंकी छोटी होने के कारण आबादी के हिसाब से पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है।

इस पर महापौर ने पार्षद से जानकारी लेकर अधिकारियों से चर्चा की। प्र.कार्यपालन अभियंता श्री मेश्राम ने जानकारी दी कि 18 एकड के दो टंकी में नगर निगम द्वारा पानी सप्लाई की जाती है और सम्पवेल के माध्यम से टंकी भर क्षेत्र के घरों में पानी सप्लाई होती है।

#### दुरूस्त होगी जल सप्लाई व्यवस्था

महापौर श्री यादव ने अधिकारियों से कहा कि दोनों सम्पवेल टंकी को आपस में कनेक्शन करे। जिससे बड़ी टंकी के ओव्हरफ्लो का पानी भी छोटे टंकी में जाएगा। जिससे सप्लाई बढ़ जाएगी। सप्लाई बढ़ने से राहत मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बोर खनन के लिए प्रक्रिया करें, बोर खनन होने से पंप के माध्यम से टंकी भरा जाएगा। जिससे भी सप्लाई बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु के पूर्व सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अनुप पाण्डे व तिलक राज ध्रुव, फिटर सोमनाथ सहित पुलिस लाइन 18 एकड़वासी उपस्थित थे।

### कोलिहापुरी मंडई आज

**डोंगरगढ़।** ग्राम कोलिहापुरी में मंडई मेला का आयोजन 20 जनवरी को रखा गया है। रात्रि में रंगे धारा ग्राम-ओनवा खेली का कार्यक्रम होगा। ग्राम के भीसूराम साहू, धनराज, गिरधर साहू, गौतम कंवर, ललेश कंवर ने आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### शिव मंदिर में रूद्राभिषेक आज

**डोंगरगढ़।** बुधवारी पारा सब्जी मंडी समीप स्थित भोलेश्वर महादेव मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर मोहल्लेवासियों ने 20 जनवरी को रुद्राभिषेक एवं भंडारे का आयोजन रखा गया। आयोजकों ने नगर वासियों ने आयोजन में शामिल होने का आव्हान किया है।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला राजनांदगांव की नियमित मासिक बैठक 12 जनवरी को ठाकुर प्यारेलाल स्थित पेंशनर्स भवन में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएन साहू, विशिष्ट अतिथि इंजी. केपी सिंह, अध्यक्षता केआर साहू द्वारा की गई। बैठक के एजेंडा के तहत सभी तहसील अध्यक्षों द्वारा सतत सदस्यता अभियान चलाए जाने की प्रशंसा की गई। अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन द्वारा 29 से 31 दिसंबर 11 सूत्रीय मांग के समर्थन में पेंशनर्स साथियों की उपस्थिति के लिए साधुवाद ज्ञापित किया गया। माह दिसंबर का जिन पेंशनर्स साथियों का पेंशन खाते में जमा नहीं हुआ था, उन्हें पुनः जीवित प्रमाण पत्र भरने की सलाह दी गई थी। जिसका परिणाम पेंशनर साथियों को मिला। पेंशनर्स साथियों की कुछ समस्या का निदान करने बैंक प्रबंधन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था एवं स्वास्थ्य विभाग से अपेक्षा की गई है। जिसके परिप्रेक्ष्य में जिले का प्रतिनिधि मंडल विभाग प्रमुखों से मिलकर समस्या का समाधान करने का शीघ्र प्रयास करेगा। चर्चा में पेंशनर्स एसोसिएशन के उद्देश्य त्याग, तपस्या और बलिदान को अंगीभूत कर समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से जीवन निर्वाह करने का संकल्प पेंशनर्स साथियों ने लिया।

#### समस्या हल करने का वादा

संगठन के पूर्व प्रांत अध्यक्ष डीएन साहू ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि पेंशनर्स साथियों का हौसला अफजाई, बड़ी गर्म जोशी से किया। जिससे उपस्थित पेंशनर्स साथियों में नई ऊर्जा का प्रवाह हुआ। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष महेश कुमार अत्री, जीएल सोनबोईर, डीएल चंद्रवंशी, केआर साहू, बीटी वाल्दे, सीआर देवांगन एवं पेंशनर्स साथी इंजी. डीएस ठाकुर, राजेश कुमार रथी, डीडी पांडे, हमीरचंद साहू, धीरनलाल, रेखराम साहू, देवदत्त साहू, अर्जुन देवांगन, एएच अंसारी, एचएन साहू, प्रवीण वैष्णव, डीएल साव, टीएन पांडे, एनएल देवांगन, पीके साहू, एसएच हुसैन आदि की उपस्थिति में बीरबल सिंह ठाकुर एवं राजकुमार परेता का जन्मदिन दीप - प्रज्वलित कर बड़े ही हर्ष, उमंग एवं उत्साह से मनाया। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर जीआर देवांगन द्वारा किया गया तथा आभार व्यक्त करते हुए सभी के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की गई।

## सार समाचार

### समारोह में शामिल होंगे विशिष्ट प्रतिभागी

**मोहला।** आगामी 26 जनवरी को लोकभवन भवन रायपुर में आयोजित स्वागत समारोह में जिले के विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले आमंत्रित अतिथियों में रूपेश कुमार चनापे शामिल हैं, जिन्होंने दिव्यांग श्रेणी अंतर्गत पैरा ओलंपिक तैराकी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही माधुरी पुरामे जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ओड़िसी क्लासिकल नृत्य में उल्लेखनीय पहचान बनाई है, को भी आमंत्रित किया गया है।

### सांसद का जताया आभार



**बांधाबाजार।** जिला भाजपा किसान मोर्चा का दायित्व संभालने के बाद अरुण यादव ने सांसद संतोष पाण्डे से सौजन्य मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उन्होंने किसान हित में सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष ढालसिंह कौशिक, जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, संतोष शुक्ला, प्रशांत यादव उपस्थित थे।

### निधन



#### पंडित रविन्द्र शर्मा

**साल्हेवारा।** ग्राम के निवासी पं. रविन्द्र शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। उन्हें अचानक ब्रेन स्ट्रोक आया, जो उनके लिए काल साबित हुआ। उनके निधन की खबर से साल्हेवारा सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।



### सफलता के लिए भक्ति और त्याग आवश्यक

**छुरिया।** विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे।अध्यक्षता जनपद सदस्य चंद्रिका लेखचंद वर्मा ने की। कार्यक्रम में प्रकाश मोटघरे, राजेश्वर ध्रुवे शामिल हुए। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि रामायण एक ऐसा महाकाव्य है, जो धर्म, मर्यादा, कर्तव्य, भक्ति और आदर्श जीवन का संदेश देता है। चंद्रिका वर्मा, श्री मोटघरे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मनबोध चतुर्वेदी, लेखचदं वर्मा, टीकम पांडे, लखन साहू, देवघर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### विजेता बालिकाओं का स्वागत



**साल्हेवारा।** जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन निवासपुर में हुआ। स्पर्धा के बालिका वर्ग से कुम्हरवाड़ा संकुल अंतर्गत प्राथमिक शाला बसंतपुर की बालिकाएं प्रथम स्थान पर रही। पहली बार है बसंतपुर की बालिकाओं ने प्रथम स्थान हासिल किया है। खिलाड़ियों के गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों ने पुष्पाहार से स्वागत किया। इस दौरान तिलक मरकाम, दर्शन मरकाम, बली जामेवार, शेखर धुर्वे, उमेंद मरकाम, देवसिंग, राजकुमार, गोलू जामेवार, संतराम, सूरतिया, ललिताबाई, रूपकुंवार, सावनबती, डेरहीन बाई, प्रधान पाठक मयाराम साहू, शिक्षक कुमेश सैय्याम, राजू यादव उपस्थित थे।




### जयंती समारोह में शामिल हुई विधायक

**डोंगरगढ़।** ग्राम डुडिया में माँ शाकम्भरी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। इस दौरान विधायक ने माँ शाकम्भरी के अवतार और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज हम जो ताजी और बिना मिलावट वाली हरी सब्जियां ग्रहण कर रहे हैं, वह समाज के किसानों की मेहनत और लगन से मिलती है। कार्यक्रम में कोसरिया पटेल मरार समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### प्रतिमा की स्थापना, चौक का नामकरण

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने गत दिनों रायपुर के उरला, रामनगर, गुढ़यिारी, गोगांव, स्टेशन लोधी पारा में वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में घनश्याम वर्मा, विमल पटेल, सुरेश सिगौर, अधिन जंघेल, चैनदास जंघेल, भगवती वर्मा, तेजशंकर जंघेल, दीपक जंघेल, प्रकाश जंघेल, सविता जंघेल, विश्राम वर्मा आदि उपस्थित थे। इस मौके पर सरोरा से भारत माता चौक तक की सड़क का नाम लोधी रोड तथा सरोरा- बिरगांव स्थित चौक का नाम लोधी चौक रखा गया।





### स्कूल के सामने गतिरोधक की मांग

**सड़क अतरिया।** स्थानीय ग्रामीणों ने राजनांदगांव- कवर्धा मार्ग में स्थित प्राथमिक पूर्व एवं हाई स्कूल के सामने गतिरोधक बनाने की मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग में दिन भर आवागमन होता है। छोटे बड़े वाहन तेज रफ्तार में गुजरते है। सड़क अतरिया में हाईस्कूल एवं प्राथमिक, पूर्व शाला सड़क किनारे है। स्कूल लगने तथा छुट्टी के समय तेज रफ्तार में गुजरते वाहन छात्रों को अपने चपेट में ले लेता है। बीते गुरूवार को दो पहिया वाहन ने एक छात्र को ठोकर मार दिया, जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया है। छात्र का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। घटना की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग को आवेदन देकर गतिरोधक बनाने तथा संकेतक लगाने की मांग की है।

### समर्पण से ही भगवान से मिलन संभव

**रामाटोला।** ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा स्थल श्रद्धा, भक्ति एवं आनंद के भाव से परिपूर्ण रहा। भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने गजेंद्र



मोक्ष, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म एवं दही लूट कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष प्रसंग का जिक्र करते हुए बताया कि जब संकट की घड़ी में गजेंद्र ने पूर्ण समर्पण भाव से भगवान का स्मरण किया, तब भगवान विष्णु रक्षा करने प्रकट हुए। उन्होंने कहा कि समर्पण ही ईश्वर कृपा प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है। वामन अवतार कथा में उन्होंने दान, विनम्रता एवं धर्म का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान अपने भक्तों के अहंकार को नष्ट कर उन्हें भक्ति के मार्ग पर स्थापित करते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म, दही लूट कथा का रसपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर बनवारी वर्मा, पूरन साहू, भगवती देवांगन, देवेंद्र नंदेश्वर एवं प्रेम देवांगन की उपस्थिति रही।

### बबीता पीआईसी सदस्य मनोनीत

**डोंगरगढ़।** पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने भाजपा नेताओं की सहमति से वार्ड 24 की पार्षद बबीता मलागार को पीआईसी का सदस्य मनोनीत किया है। मनोनयन के लिए नगर साहू समाज ने पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे एवं पार्षदों का आभार व्यक्त किया है। पार्षद मलागार को नगर साहू समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष गिरीश साहू, सचिव मोहन साहू, कोषाध्यक्ष आशीष साहू, उप कोषाध्यक्ष अश्वनी साहू, कामेश्वर साहू, पुष्पेन्द्र साहू, आशीष साहू, गंगाराम साहू, मोतीराम साहू, ईश्वर साहू, राजकुमार साहू, इतवारी साहू, राम गुलाल, नानुकराम साहू, खुमान साहू, सतीश साहू, कृष्णा राम साहू, प्रदीप साहू, जितेन्द्र साहू, श्यामलाल साहू, यादवराम, सालिक राम, बीरबल साहू, देवाराम, शिव कुमार आदि ने बधाई दी है।

### महोत्सव को लेकर बैठक 21 को



**सड़क अतरिया।** आगामी 30 जनवरी से प्रारंभ होने वाले नर्मदा मेला महोत्सव को लेकर नर्मदा मंदिर परिसर में 21 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे बैठक आहूत किया गया है। बैठक में तीन दिवसीय महोत्सव पर चर्चा कर रूपरेखा तैयार किया जाएगा। बैठक में प्रतिनिधि एवं विभागों को दायित्व सौंपा जाएगा। बैठक में लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, निजाम मंडावी, निर्मला वर्मा, शताक्षी सिंह, प्रकाश जंघेल, संगीता जंघेल, डोमारसिंह भेड़िया, आनंद पटेल, रामकुमार पटेल, मन्नू चंदेल, बिसाहूराम सिन्हा, वंदना पटेल, कैलाश वर्मा, बोधन मेरावी, केशलाल मंडावी आदि शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### स्वदेशी मेले में लगेगी स्थानीय उत्पादों की भी दुकानें

**राजनांदगांव।** भारतीय विपणन संघ द्वारा 22 से 28 जनवरी तक स्टेट स्कूल में आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले में चेंबर ऑफ कॉमर्स ने स्थानीय उत्पादों को मेले में स्थान देने हेतु अपनी सक्रिय भागीदारी तय करते स्वदेशी मेले के एक भाग में बने डोम को स्थानीय उत्पादों के लिए आरक्षित किया है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के सपने को साकार करने स्थानीय उत्पादों को प्लेटफॉर्म देकर उनके उत्पादों को जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा चेंबर ऑफ कॉमर्स ने उठाया है।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिला महामंत्री अरुण डुलानी ने लघु उद्योग एवं हस्तशिल्प तथा महिला स्वयं सहायता समूह की बहनों से आह्वान किया है कि अपने उत्पादों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु स्वदेशी मेले में चेंबर ऑफ कॉमर्स इस योजना का लाभ अवश्य लें और अपने उत्पादों का स्टाल अवश्य लगाएं।

### सुशील बजाज का भव्य जम्मा जागरण आज

**राजनांदगांव।** श्री रामदेव बाबा नवयुवक मंडल द्वारा कल 20 जनवरी को रात्रि 8.30 बजे से सनसिटी कॉलोनी राजनांदगांव में श्री रामदेव जी बाबा का भव्य जम्मा जागरण रखा गया है। देशभर में बाबा का गुणगान करने वाले एवं परचम लहराने वाले हैदराबाद के सुप्रसिद्ध जम्मा गायक स्व. गोपाल बजाज के सुपुत्र सुशील बजाज अपनी पूरी टीम के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे। समिति के सदस्यों द्वारा सनसिटी कॉलोनी में भव्य मंच एवं पंडाल के साथ ही भक्तों हेतु उच्चतम बैठक की व्यवस्था रखी गई है। साथ ही प्रसादी भी रखी गई है।



## अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला सीमाओं के चेकपोस्ट पर सघन जांच

# सीमा में 223 क्विंटल अवैध धान जब्त

## कोचियों और बिचौलियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशुनसार जिले में अवैध धान का परिवहन करने वाले एवं कोचियों व बिचौलियों के विरूद्ध मुस्तैदी के साथ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिले के अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला सीमाओं के चेक पोस्ट पर सघन जांच कर 223 क्विंटल अवैध धान एवं परिवहन में उपयोग हुए वाहन को जब्त किया गया है।

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आधी रात घुमका तहसील के ठेलकाडीह चौक में घेराबंदी कर कोंडागांव से राजनांदगांव की ओर आर रहे संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें 140 क्विंटल धान बिना किसी वैध दस्तावेज के पाया गया। अधिकारियों ने अवैध धान सहित वाहन को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया।



### नियमों का उल्लंघन

छुरिया तहसील के ग्राम पंचायत हाटबंजारी में बड़ी कार्रवाई करते रामस्वरूप के घर से 48 क्विंटल अवैध धान बरामद किया गया। यह धान महाराष्ट्र सीमा से लाकर बिना अनुमति के अवैध रूप से संग्रहित किया गया था। मंडी अधिनियम के नियमों के उल्लंघन के तहत कुमर्दा तहसील के ग्राम मुंजालकला में भूषण देवांगन के पास से 35 क्विंटल धान जब्त किया गया। जिले में धान की अवैध आवक रोकने के लिए सीमाओं पर चेक पोस्ट सक्रिय किए गए हैं। बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन पाए जाने पर न केवल धान जब्त किया जाएगा, बल्कि संबंधित वाहन एवं व्यक्ति पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण फिट रहने के बताए गए तरीके

- सड़क सुरक्षा माह में स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से राजा फतेह सिंह मैदान खैरागढ़ में स्कूल के बस, वेन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच शिविर में चालकों को फिट रहने के तरीके बताए गए।

जिला पुलिस केसीजी द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2026 को सफल बनाने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने यातायात जागरूकता के तहत पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्कूली बस, वेन, ऑटो चालकों का राजा फतेहसिंह मैदान खैरागढ़ में व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

### नियमों का करें पालन

दुर्घटनाओं के प्रकरणों में सीपीआर के माध्यम से कृत्रिम सांस देकर घायल की मदद, प्राथमिक चिकित्सा में शीघ्र ही सहायता देने, चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, स्कूली बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के दौरान सावधानी बरतने, वाहनों के दस्तावेजों को दुरुस्त करने समझाइस दिया गया।

### स्वास्थ्य के प्रति रहे सजग

जिसमें चालकों का सिविल अस्पताल खैरागढ़ के डॉक्टर एवं टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण कर स्वस्थ शरीर-स्वस्थ मन रखने यातायात नियमों का पालन करते वाहन चलाने के साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर अपने व अपने परिवार की जिम्मेदार का भी निर्वहन करते स्वास्थ्यगत दुष्प्रभावओं से बचने के तरीके बताए गए।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से किसान संघ प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से प्रदेश किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को मोखला में मुलाकात कर धान खरीदी एवं किसानों के अन्य मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही 12 सूत्रीय मांगों पर किसानों के चल रहे आंदोलन पर समर्थन मांगा। जिले एवं प्रदेश में धान खरीदी में हो रही अवैध वसूली का भी विरोध करने का आग्रह किया एवं जिले में संगठन एवं तीनों विधायकों द्वारा इस मुद्दे को भी उठाने का आग्रह किया। बारह सूत्रीय मांगों की सूची भी उन्हें सौंपी गई। श्री बैज ने प्रतिनिधि मंडल को किसानों की लड़ाई कांग्रेस द्वारा निरंतर लड़े जाने की बात कही और कोई भी कसर नहीं छोड़ने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में सुदेश टीकम, मदन साहू, गैंदलाल, देवलाल साहू, मंगल देवांगन, गणेश साहू, लालाराम, बलेसर ठाकुर शामिल थे। कल 20 जनवरी को चिचोला की प्रस्तावित किसान सभा 30 जनवरी को राजधानी में प्रदेश स्तरीय आयोजन की तैयारी के मद्देनजर स्थगित की गई। शीघ्र ही आगामी तारीख की घोषणा की जाएगी।



### भोलाराम महोबिया का निधन

**छुईखदान।** नगर पंचायत छुईखदान के वार्ड क्र. 7 महोबियापारा निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक भोलाराम महोबिया का रविवार को 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्व. महोबिया का अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर 12 बजे बड़े तालाब मुक्तिधाम छुईखदान में किया गया। वे अपने पीछे एक पुत्र, चार पुत्रियां एवं भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर नगर के वरिष्ठ पत्रकार सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, दीपक देशमुख, संजय शर्मा, संदीप महोबिया, महेंद्र सिंह, नीलम वैष्णव सहित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## सोनपुरी पहुंचे राज्यपाल के सचिव विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्यपाल के सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना ने उनके गोदग्राम सोनपुरी में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद और अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि इस दौरान उपस्थित थे।

बैठक मे डॉ. प्रसन्ना ने गोदग्राम में किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। वन विभाग द्वारा किए गए वृक्षारोपण की प्रगति और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा उन्होंने की। इस अवसर पर गोदग्राम में महिला स्व-सहायता समूहों, बिहान योजना अंतर्गत लखपति दीदी व स्वच्छता समूहों के गठन, उनकी भूमिका की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम में कचरा संग्रहण व्यवस्था और स्वच्छता को प्रभावी रूप से लागू करने पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

### पुस्तकालय एवं ओपन जिम का किया निरीक्षण

राज्यपाल के सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना ने गांव में जनसहयोग से स्थापित किए गए पुस्तकालय और ओपन जिम का निरीक्षण किया। इस दौरान पुस्तकालय और ओपन जिम को और उपयोगी बनाने के लिए विशेष जोर दिया और ग्राम विकास में लोगों की सहभागिता बढ़ाने जनप्रतिनिधियो व ग्रामीणों को प्रेरित किया।

## साइंस कॉलेज में विश्व हिन्दी दिवस अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व, उसकी सांस्कृतिक गरिमा और अभिव्यक्ति की शक्ति पर महत्वपूर्ण रूप से प्रकाश डाला गया।

प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने हिंदी को जन-जन की भाषा कहते कहा कि हमें इसके संरक्षण और संवर्धन पर बल देने का सतत प्रयास करते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी भाषा और संस्कृति से जुड़ी होती है, जब तक हम अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेंगे, तब तक अपनी पहचान को पूर्ण रूप से स्थापित नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं अपितु हमारे विचार भावनाएं और विचारों की सशक्त अभिव्यक्ति है।



### छात्रों को किया गया पुरस्कृत

डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने कहा कि वैश्विक मंच पर हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में स्थापित करना है। यह विश्व हिंदी दिवस हमें अपनी भाषा पर गर्व करने और उसके विकास के लिए सतत प्रयास करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज हिंदी, विज्ञान तकनीक, मीडिया, सिनेमा और डिजिटल जगत में भी सशक्त रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। गुणवंता खरे हिंदी विभाग द्वारा भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एएन माखीजा, डॉ. एसआर कन्नौजे, डॉ. फुलसो राजेश पटेल, अनिल चंद्रवंशी, प्रवीण वर्मा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## युवा नेतृत्व को सौंपी गई कमान, सतनामी समाज में सामाजिक बदलाव की उम्मीद

- सतनामी समाज छग युवा प्रकोष्ठ ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



सतनामी समाज छग युवा प्रकोष्ठ ने संगठन को नई दिशा देने और सामाजिक सरोकारों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे द्वारा जारी नियुक्ति आदेश में समाज के सक्रिय युवाओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया गया है।

नियुक्तियों के तहत उमेश कोठले को प्रदेश महासचिव, यशवंत कोठले को जिला अध्यक्ष खैरागढ़, पप्पू पात्रे को जिला महामंत्री खैरागढ़ और राजकुमार मांडले को प्रदेश सहसचिव नियुक्त किया गया है। समाज के भीतर इन नियुक्तियों को सकारात्मक बदलाव की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। संगठन के वरिष्ठजनों का कहना है कि वर्तमान समय में समाज को संगठित नेतृत्व, शिक्षा, नशामुक्ति, सामाजिक न्याय और युवाओं की भागीदारी जैसे मुद्दों पर मजबूत पहल की आवश्यकता है। नई युवा टीम से अपेक्षा की जा रही है कि वह गांव-गांव तक समाज को जोडऩे, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाने तथा युवाओं को रचनात्मक दिशा देने में प्रभावी भूमिका निभाएगी। इस निर्णय से समाज के युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। समाजजनों का विश्वास है कि नई कार्यकारिणी सामाजिक चेतना, संगठनात्मक अनुशासन और समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सतनामी समाज को एकजुट करने का कार्य करेगी।

## नाबालिग से अनाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

इलाके में मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां महज 15 वर्ष के एक किशोर ने 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया है। इस कृत्य ने न केवल कानून व्यवस्था बल्कि सामाजिक परिवेश पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, आरोपी किशोर मूलत साल्हेवारा थाना क्षेत्र का निवासी है और गंडई थाना क्षेत्र के एक गांव में काम करने के सिलसिले में आया हुआ था। वह जिस स्थान पर ठहरा था, पीड़ति का घर भी उसके समीप ही स्थित है। घटना उस वक्त हुई जब पीड़ति सुबह घर से शौच के लिए निकली थी। इसी दौरान आरोपी ने घात लगाकर उसे पकड़ लिया और अपनी हवस का शिकार बनाया। पीड़ति द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने क्रूरता की हदें पार करते हुए उसे जमीन पर घसीटा और वारदात के बाद किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी पीड़ति ने घर पहुंचकर अपने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव वालों के साथ परिजन तत्काल गंडई थाना पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ति का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया और आरोपी के विरुद्ध बलात्कार, जान से मारने की धमकी एवं अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

एक विवाहित महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। प्रार्थीया की शिकायत पर गंडई पुलिस ने ग्राम मंजगांव निवासी आरोपी विष्णु के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी पिछले कुछ समय से उन्हें अनजान नंबर से फोन कर परेशान कर रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। 14 जनवरी की रात करीब 11.30 बजे, जब पीड़िता घर पर अकेली थी, आरोपी ने दरवाजा खटखटाया। पति के आने की उम्मीद में जैसे ही पीड़िता ने दरवाजा खोला, आरोपी विष्णु ने जबरन घर में घुसकर पीड़िता का हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी।

पीड़िता के शोर मचाने पर सास-ससुर को आते देख आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता के पति के बेमेतरा से लौटने के बाद, जब उस नंबर पर संपर्क किया गया, तो आरोपी की पहचान मंजगांव निवासी विष्णु के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले पीड़िता के पति के चॉइस सेंटर में काम के सिलसिले में आ चुका था, जिससे वह परिवार से परिचित था।

गंडई पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 331(4) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## रागिनी को मिली पीएचडी की उपाधि

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक वाणिज्य पद में कार्यरत रागिनी को हितग्राहियों के आर्थिक विकास में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के योगदान का विश्लेषणात्मक अध्ययन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। इस पीएचडी कार्य में शोध निर्देशक डॉ. केएल टांडेकर एवं सह शोध निर्देशक डॉ. एचएस भाटिया रहे हैं। रागिनी प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है।



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202601090100006**

विषयः अ-21 (1) सनः-2025-2026

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

पिपरिया प.ह.न. 00030 [32/1(0.4040 हे.) ]

पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार श्री गणेशराम कंवर, अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन द्वारा राजस्व विभाग

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गणेशराम कंवर पिता श्री अमरसिंग कंवर, निवासी ग्राम पिपरिया, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के नाम की ग्राम पिपरिया, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 32/1 रकबा 0.404 हे. भूमि को रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी व्यक्ति श्री रेवाराम कुर्मी पिता आरतीराम कुर्मी, निवासी ग्राम माटेकटा, तहसील डोंगरगढ़ के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र मय दस्तावेज को प्रस्तुत किया गया है। MO. 9669495293

अत. उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30/01/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

Neelkanth Janbandhu
तहसीलदार
तहसील-डोंगरगढ़

### स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर दी जानकारी

# पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन देवारीभाठ के जिला पंचायत संसाधन केंद्र में किया गया।

कार्यशाला में तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत, अनेमिया मुक्त भारत अभियान, लेप्रोसी कार्यक्रम और फिलेरिया जागरूकता सहित अन्य एचबी जनस्वास्थ्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

सौ से ज्यादा सरपंच, उपसरपंच और पंचायत सचिवो की उपस्थिति मे आयोजित कार्यशाला मे जिला नोडल अधिकारी डॉ अनम फातिमा ने तंबाकू के दुष्प्रभाव, तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रावधान तथा ग्राम पंचायत स्तर पर की जाने वाली आवश्यक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। पंचायत स्तर पर तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों को सुदृढ़ करने और तंबाकू मुक्त पंचायत की अवधारणा को प्रभावी रूप से लागू करनके के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला मे सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू निषेध संबंधी बोर्ड लगाए जाने, ग्रामीणों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराने नियमित जागरूकता अभियानों के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया।



### बच्चों को प्रोत्साहित करने की अपील

पंचायत प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास में सक्रिय सहयोग करने कहा गया। साथ ही अनेमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी स्कूलों में बच्चों को प्रदान की जा रही ब्लू व पिंक आयरन गोलियों के नियमित सेवन के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करने और गांव में आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन के प्रति जनजागरूकता फैलाने की अपील की गई। कार्यशाला सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, डीपीएम सोनल ध्रुव और नोडल अधिकारी डॉ. बोधन परते, बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डीटीसी खिलेश साहू के सहयोग से हुआ।

## 27 सालों की परंपरा निभाता मदनपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाजार अतरिया

ब्लाक के ग्राम मदनपुर में जनजागृति मानस मंडली, नवजागृति सेवा भजन मंडली, अमिन माता महिला मंडल समिति और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय भव्य नवधा मानस गान सम्मेलन का शुभारंभ विधायक यशोदा वर्मा के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन से हुआ।

भक्तिमय वातावरण के बीच विधायक यशोदा वर्मा ने सम्मेलन की निरंतरता और ग्रामीणों की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं। उन्होंने ग्राम मदनपुर में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन भी किया। गौरतलब है कि ब्लाक का मदनपुर एक ऐसा गांव है, जहां ग्रामीणों के सहयोग से लगातार 27 सालो से नवधा रामायण मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में दूर दराज के नामचीन मानस मंडलियां भाग लेती हैं और गीत संगीत व मानस गान के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर करती हैं। 15 से 17 जनवरी तक कार्यक्रम होगा उसके दूसरे दिन 18 जनवरी को भव्य मड़ई मेला लगेगा। इस दौरान कांग्रेसी नेता मोतीलाल जंघेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप सिरमौर, पूर्व जनपद सदस्य गिरधारी पाल, जनपद सदस्य पीलाबाई ज्ञानेंद्र वर्मा, हिमांचल सिंह राजपूत, संतोष वर्मा, सरपंच गोलू पाल, गोवर्धन सेन, सरपंच सविता मंडावी, टीकम वर्मा, राजू वर्मा, प्रमोद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### प्रतियोगिता में 28 मंडलियों ने लिया हिस्सा

**राजनांदगांव।** शहर के चिखली वार्ड में दो दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण गान, टीका स्पर्धा का आयोजन 17 से 18 जनवरी तक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से महिला-पुरूष की 28 मंडलियों ने हिस्सा लिया।

चिखली वार्ड के पंचवटी गौठन में दो दिवसीय रामायण गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बालोद सहित विभिन्न जिलों की रामायण मंडलियों ने हिस्सा लिया। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस प्रतियोगिता का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

रामायण गान-टीका स्पर्धा के आयोजन को लेकर समिति से जुड़े राघव वर्मा ने बताया कि यहां 36 वर्षों से रामायण गान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में महिला-पुरुष मंडलियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखा गया है। जिसमें पुरूष मंडली के लिए एक से दस तक और महिला मंडली के लिए एक से पांच तक पुरस्कार दिया गया। वहीं प्रतियोगिता में आने वाले धर्मप्रेमी श्रोताओं के लिए भी प्रथम से दशम तक पुरस्कार दिए गए।

### अवैध वसूली के खिलाफ नुक्कड़ सभा आयोजित

**राजनांदगांव।** धान खरीदी में मजदूरी के नाम से हो रही अवैध वसूली के खिलाफ शनिवार को सुरगी और सिंघोला के साप्ताहिक बाजारों में नुक्कड़




सभा का आयोजन प्रदेश किसान संघ द्वारा किया गया। बाजार में आए किसानों एवं महिलाओं ने भी अवैध वसूली के खिलाफ रोष व्यक्त किया एवं लड़ाई जारी रखते वसूली की राशि किसानों को वापस देने की मांग का समर्थन किया।

उल्लेखनीय है कि किसान संघ दिसंबर माह से ही विभिन्न मांगों के साथ अवैध वसूली के खिलाफ अभियान छेड़े हुए हैं और विधायकों के नाम ज्ञापन पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह के नाम ज्ञापन पर काफी लोगों ने हस्ताक्षर किए। साथ ही वक्ताओं ने डॉ. रमन सिंह से हस्तक्षेप कर तत्काल अवैध वसूली रूकवाने की अपील की है और सुरगी की नुक्कड़ सभा में किसान समिति सुरगी के अध्यक्ष सुकृत साहू के साथ बड़ी संख्या में किसानों ने भागीदारी की।

सिंघोला में तुलसी साहू के नेतृत्व में किसानों ने डॉ. रमन सिंह के नाम ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए एवं नुक्कड़ सभा में भागीदारी की। सुदेश टीकम, मदन साहू, भागवत साहू, गेंदलाल, मंगल देवांगन, बालेश्वर ठाकुर, गणेश साहू, लाला साहू, ईश्वरी नेताम, पुनू पटेल ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

### एनबीआईएस बोरी में मना ग्रेंड पैरेंट्स-डे

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में विगत दिनों प्री



प्राइमरी कक्षाओं का ग्रेंड पैरेंट्स-डे का आयोजन किया गया। आयोजन में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के ग्रेंड पैरेंट्स ने उत्साह के साथ इस आयोजन में अपनी सहभागिता दी। आयोजन में ग्रेंड पैरेंट्स के लिए रैट्रो थीम को रखा गया था। जिसमें सभी उत्साहित नजर आए। आयोजन की शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। छोटे बच्चों ने अपने दादा-दादी, नाना-नानी का स्वागत उनके पैर धुलवाकर, तिलक लगाकर व फूलों की बौछार कर किया। ग्रेंड पैरेंट्स द्वारा सुंदर रैंप वाक किया गया। शाला द्वारा ग्रेंड पैरेंट्स के लिए मजेदार खेलों को जोड़ा गया था। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ग्रेंड पैरेंट्स को पुरस्कार प्रदान किया गया। रैट्रो थीम में आए बेस्ट कपल को भी उनके वेशभूषा के आधार पर पुरस्कृत किया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा सभी ग्रेंड पैरेंट्स का आत्मीय स्वागत करते कहा कि यह सिर्फ एक आयोजन नहीं है, बल्कि एक अवसर है, जब हमें हमारे बड़ों का आशीष प्राप्त होता है। ग्रेंड पैरेंट्स-डे के सफल आयोजन में शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

### जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के संगोष्ठी कक्ष में 17 जनवरी को जनभागीदारी समिति की बैठक का



आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने की। इस दौरान प्राचार्य एवं जनभागीदारी समिति की सचिव डॉ. निर्मला उमरे उपस्थित रही।

बैठक में महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते बगीचे में 20 पाम के पौधों के वृक्षारोपण का निर्णय लिया गया। साथ ही पौधों की नियमित सिंचाई हेतु ड्रिप सिस्टम एवं पाईप लाइन के विस्तार पर सहमति बनी। उद्यान एवं अन्य पौधों के बेहतर रखरखाव के लिए खाद क्रय करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "अभ्युदय" के प्रकाशन के संबंध में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते वार्षिक पदक वितरण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श हुआ। सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि इस वर्ष का वार्षिक उत्सव महाविद्यालय में संचालित परीक्षाओं के पश्चात 22 से 28 फरवरी के मध्य आयोजित किया जाएगा।

बैठक में जनभागीदारी समिति के सदस्य नमिताभ जैन, आशीष सूरे, अनिल सिन्हा, तरुण साहू, जन भागीदारी के प्रभारी अनिल चंद्रवंशी, दीपक हरिहारनो सहित महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी एसआर कनौजे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## पृष्ठ 09 का शेष

### दसवीं और बारहवीं बोर्ड...

आगामी 23 जनवरी को परीक्षा के समाप्त होने के तत्काल बाद ही रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने आगामी 27 जनवरी को जिले के सभी सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों की एक बैठक काल की है। इस बैठक में प्री-बोर्ड के रिजल्ट की समीक्षा के साथ ही कोचिंग की तैयारियां शुरू की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि प्री-बोर्ड में जिन बच्चों का रिजल्ट बेहतर आया है, उन्हें फरवरी माह के शुरू होते ही एक सप्ताह की आवासीय कोचिंग दी जाएगी। इसके अलावा जिन विद्यार्थियों का रिजल्ट कमजोर आया है, उनके लिए जिले के सभी ब्लॉकों के चार-चार स्थानों पर कोचिंग दी जाएगी।

## अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज

# कोचिया-तस्करों पर पुलिस ने कसा नकेल तीन माह में लाखों रुपए की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध रूप से शराब तस्करी करने वाले एवं कोचियों के खिलाफ प्रभावी रूप से धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत तीन माह में 127 प्रकरणों में 39,53,549 रुपए की शराब एवं परिवहन में उपयोग किए जाने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शराब कोचियों एवं तस्करों के विरुद्ध कड़ी एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में जहां मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ में लाई जा रही अवैध शराब को जब्त कर प्रभावी कार्रवाई की गई। वहीं मध्यप्रदेश के एक अवैध शराब संचालक, मैनेजर को भी गिरफ्तार किया गया।

#### आबकारी एक्ट में 138 आरोपी पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार विगत तीन माह में आबकारी एक्ट के तहत कुल 127 प्रकरणों में 138 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आरोपियों के कब्जे से कुल 1150.33 बल्क लीटर अवैध शराब कीमती 8,88,549 रुपए तथा तस्करी में प्रयुक्त 41 दोपहिया वाहन एवं 2 चारपहिया वाहन कीमती 30,65,000 रुपए जब्त किए गए। अवैध शराब एवं वाहनों सहित कुल 39,53,549 रुपए की संपत्ति जब्त की गई।



#### पुलिस की पैनी नजर

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत असामाजिक तत्वों व शराब तस्करी के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आदतन अपराधियों एवं बदमाशों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

#### मप्र-महाराष्ट्र के शराब पकड़ाए

पुलिस के मुताबिक छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र से अवैध शराब तस्करी के प्रमुख प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर से अवैध शराब तस्करी के कुल 5 बड़े मामलों में पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़, थाना बसंतपुर, थाना डोंगरगढ़ तथा थाना डोंगरगांव में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब में धारा 34(1), 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 3 प्रकरणों में 8 आरोपियों से 464.46 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब कीमती 5,59,389 रुपए एवं तस्करी में प्रयुक्त 1 दोपहिया वाहन एवं 2 चारपहिया वाहन कुल कीमती 14,80,000 रुपए जब्त किया गया। इसी तरह महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब धारा 34(1), 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 2 प्रकरणों में 2 आरोपियों से 12.96 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब कीमती 5,760 रुपए व तस्करी में प्रयुक्त 1 दोपहिया वाहन कीमती 20,000 रुपए जब्त किया गया।

#### छग निर्मित शराब मामले में भी कार्रवाई

छत्तीसगढ़ निर्मित अवैध शराब के जिले के भीतर छत्तीसगढ़ निर्मित अवैध शराब के मामलों में कुल 122 प्रकरणों में 128 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें धारा 34(1), 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 92 प्रकरणों में 95 आरोपियों से 522.40 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब कीमती 2,34,860 रुपए जब्त किया गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब के मामले में धारा 34(1), 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 30 प्रकरणों में 33 आरोपियों से 133.23 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब कीमती 88,540 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक देशी-विदेशी शराब परिवहन में प्रयुक्त 39 दोपहिया वाहन कीमती 15,65,000 रुपए जब्त कर कार्रवाई की गई है। शराब की अवैध रूप से तस्करी एवं बिक्री के मामले में पुलिस द्वारा की जा रही ताबड़तोड कार्रवाई से अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### खेत में सजा था जुआ का फड़, पांच पकड़ाए



**राजनांदगांव।** खेत में एकत्र होकर जुआ खेलने के मामले की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर नगदी रकम एवं ताश पत्ती जब्त किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 जनवरी को रात्रि के समय थाना छुरिया पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भोलापुर के शिकारीमहका जाने वाले मार्ग के बाजू खेत में कुछ व्यक्ति बोरा बिछाकर मोमबत्ती की रोशनी में 52 पत्ती ताश से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं।

**नगदी व ताश पत्ती जब्त**

जिस पर पुलिस ने मौके पर रेड कार्रवाई की। पुलिस को देखकर जुआरियों द्वारा भागने का प्रयास किया गया, जिन्हें घेराबंदी कर मौके से पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में भारतलाल जांगड़े 39 वर्ष, रमेश कुमार साहू 50 वर्ष, धनेश कुमार सेन 45 वर्ष, विजय साहू 26 वर्ष, नीलकंठ साहू 40 वर्ष सभी आरोपी निवासी ग्राम भोलापुर के हैं। आरोपियों के कब्जे से कुल 6,590 नगद राशि, ताशपत्ती, एक प्लास्टिक की बोरी एवं मोमबत्ती जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत विधिवत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## पेंड्री में नि:शुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर 25 तक

**राजनांदगांव।** जिला स्वास्थ्य समिति राजनांदगांव एवं बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 19 से 25 जनवरी सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में सुरक्षा चक्र के तहत नि:शुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सुरक्षा चक्र के तहत नि:शुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर में मेमोग्राफी मशीन, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइटोलॉजी), स्त्री रोग संबंधी परीक्षण (पेप स्मीयर) सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध है। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पटेल, डॉ. पलक अग्रवाल, डॉ. दिवाकर पांडेय, डॉ. मीना आर्मो, डॉ. सुनिता मेश्राम सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया जा रहा है।

### युवक-युवती परिचय सम्मलेन 25 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज जिला राजनांदगांव युवा मंच द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 25 जनवरी को रखा गया। जिसके के लिए युवा मंच तैयारी में जुटे हुए हैं। इसमें युवा मंच के पदाधिकारी नाथूराम सिन्हा, लुकेश सिन्हा, टीकम सिन्हा, विजय सिन्हा, जयदीप सिन्हा, उमाप्रसाद सिन्हा, सुनिता सिन्हा, पवन कुमार सिन्हा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा कर रहे हैं।

### छात्रावास में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय पोस्ट मैट्रिक परियोजना बालक आदिवासी छात्रावास बजरंगपुर नवागांव के तत्वावधान में नवनिर्वाचित छात्र संघ कार्यकारिणी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह एवं नव आगंतुक छात्रों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व अध्यक्षता एमआईसी चेयरमैन सावन वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया, शा.प्री-पोस्ट मैट्रिक परियोजना बालक छात्रावास निगरानी समिति अध्यक्ष गेमुलाल कुंजाम, भाजपा नेत्री प्रेमा सोनकर, उप संचालक आदिमजाति कल्याण विभाग यशवंत वर्मा, छात्रावास अधीक्षक निखिल, छात्रावास अधीक्षक अम्बरीष प्रजापति और अन्य छात्र उपस्थित थे। उक्त जानकारी छात्रावास के नवनियुक्त छात्र संघ सचिव प्रतीक कुमार योगी ने दी।

## जी राम जी योजना उन्नत भारत के निर्माण का रोडमैप है : मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने दावा किया कि विकसित भारत जी-राम-जी योजना ग्रामीण रोजगार को सशक्त करने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ऐतिहासिक महत्वाकांक्षी कदम है। केन्द्र शासन द्वारा सन 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के सदाशय से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 लागू किया गया है। जिसमें एक सुदृढ़, समृद्ध एवं उन्नत ग्रामीण भारत के निर्माण का रोडमैप तैयार किया गया है।

इस योजनान्तर्गत कई सकारात्मक एवं जनकल्याणकारी प्रावधान किए गए हैं। जिनमें अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिन के बजाए अब 125 दिन की मजदूरी-रोजगार की वैधानिक गारंटी प्राप्त होगी। भारत जी राम जी योजना में जिस तरह से नवीन विकासोन्मुखी प्रावधान जोड़े गए हैं।

हकीकत तो यह है कि महात्मा गांधी के नाम का दुरूपयोग कांग्रेस ने ही किया है।

#### पारदर्शिता पर करती है विश्वास

महापौर मधुसूदन ने छत्तीसगढ़ के पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन पर भी आरोप लगाया कि तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में मनरेगा के फंड का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया गया। मनरेगा की राशि से बनाए गए तथाकथित गौठान भ्रष्टाचार का बड़ा माध्यम बने थे, जिनका न तो समुचित उपयोग हुआ और न ही उनका लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचा। मधुसूदन ने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते कहा है कि भाजपा की सरकार नेक काम, पारदर्शिता और परिणामों की राजनीति में विश्वास करती है। जबकि कांग्रेस केवल नामकरण, भ्रम और भ्रष्टाचार की ओछी राजनीति करती रही है।

## दो दिवसीय क्रीड़ा उत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के स्पोर्ट्स कमिटी द्वारा दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक दक्षता और टीम वर्क विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश कुमार नामदेव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास भी करते हैं।



प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते बताया कि वार्षिक खेल दिवस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और धैर्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। दो दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में वॉलीबॉल के रोमांचक मैच हुए। वहीं गोला फेंक, चम्मच दौड़, रस्सा-कस्सी और आर्म रेसलिंग की स्पर्धाएं हुई। खेल प्रभारी धनंजय साहू ने कहा कि छात्रों की यह सक्रिय भागीदारी उनके चरित्र निर्माण और खेलों के प्रति अटूट ऊर्जा को दर्शाती है। संस्थान के संचालकगण डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने भी आयोजन की सराहना की।

### मानवता की सेवा के लिए शिविर आयोजित, 47 मरीजों की जांच



**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव में पीड़ित मानवता की सेवा के लिए शिविर का आयोजन किया गया। उसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी ने हृदय रोग के 47 मरीजों की जांच की। साथ ही हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ खरे ने रोगियों की जांच की। कार्यक्रम के संयोजक एमजेएफ लायन डॉ. आनंद वर्गीस ने डाक्टरों को धन्यवाद दिया। लायन अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने सभी शिविर को सफल बनाने पर प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. सुदीप भट्टाचार्य को इंटरनेशनल सर्टिफिकेट दिया गया। यह सम्मान निरंतर 20 वर्षों की सेवा के लिए दिया गया। इस अवसर पर नंदकिशोर खंडेलवाल, दिलीप खंडेलवाल, मनमोहन साहू, अमलेन्दु हाजरा, दिलीप पात्रे, दीपा बागड़ी, नीता पात्रे, वर्षा अग्रवाल व अन्य शामिल थे।

## बिजली बिल शून्य करने वार्डों में 21 से सूर्यसभा का आयोजन

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिजली के बिल को शून्य करने के लिए जिले में युद्ध स्तर पर सूर्यसभा का आयोजन किया जा रहा है। योजना के संबंध में जनमानस को अधिक से अधिक जानकारी प्रदान की जा रही है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग द्वारा नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्डों में 21 जनवरी से 2 फरवरी 2026 से सुबह 11 से 2 बजे तक सूर्यसभा का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 21 जनवरी को लखोली वार्ड कार्यालय, 22 को नेहरू नगर, 23 को नंदई, 27 को लालबाग, 28 को ग्रीन सिटी कॉलोनी, 29 को अनुपम नगर, 30 को रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी एवं 2 फरवरी को गौरीनगर (पटरीपार) में सूर्यसभा का आयोजन किया जाएगा। सूर्यसभा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं सौर पैनल लगवाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

सूर्यसभा में अधिकारियों द्वारा आवेदन प्रक्रिया एवं पंजीकरण में सहायता की जाएगी। शासन द्वारा योजना के तहत सौर पैनल लगवाने पर दी जा रही अनुदान राशि, इंस्टॉलेशन, रखरखाव एवं कार्यप्रणाली सहित अन्य विस्तृत जानकारी दी जाएगी। रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु बिजली बिल, आधार कार्ड लाभ आवश्यक है। नागरिकों से आयोजित सूर्यसभाओं में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजना का लाभ लेने की अपील की गई है।

## 198 बकायेदारों का कटा बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर, मोहला एवं अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए वृहद स्तर पर सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में मोहला संभाग के अंतर्गत औंधी, मानपुर, खड़गांव, मोहला, गोटाटोला, वासड़ी, कौड़ीकसा, अंबागढ़ चौकी एवं बांधाबाजार वितरण केन्द्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्रवाई करते ऐसे 198 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए। इस अभियान में 1700 बकायेदार उपभोक्ताओं से 16 लाख 55 हजार रुपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया।

मोहला संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार रामटेके ने बताया कि मोहला एवं अंबागढ़ चौकी उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्रवाई करते 198 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 22 लाख 46 हजार रुपए की राशि बकाया



था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर काट दिए गए हैं। इस अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों द्वारा संपादित किए जा रहे मीटर वाचन के कार्यों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

#### सब्सिडी के बारे में दी जा रही जानकारी

कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने बताया कि शासकीय विभागों के लंबित बकाया राशि भुगतान के लिए विभाग प्रमुखों को नोटिस दिया गया है। इस अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को लाइन विच्छेदन से बचने के लिए समय पर विद्युत बिल राशि का भुगतान मोर बिजली ऐप के माध्यम से करने प्रेरित किया जा रहा है। राजस्व वसूली के लिए तैनात विद्युत कर्मियों द्वारा केंद्र शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली एवं शासन द्वारा प्रदत्त सब्सिडी बारे में जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील करते कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें, ताकि विच्छेदन की कार्रवाई से होने वाली असुविधा से बचा जा सके।



खबर संक्षेप



## नाऊडीह में मातर मंड़ई-मेला का आयोजन आज

**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के ग्राम नाऊडीह में यादव समाज द्वारा मातर मंड़ई-मेला व राउत नाचा का कार्यक्रम मंगलवार को सुबह बाजे-गाजे के साथ ठोडहर देव की गौठान में पूजा अर्चना कर मातर मंड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा, जो कि रात्रिकालीन तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आसपास क्षेत्र के यादव समाज द्वारा लाठी, खुमरी व पारंपारिक वेशभूषा के धून में दोहा-साखी पुकारते हुए संदेश को जन-जन तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। वहीं समाज व ग्रामवासियों द्वारा मातर मंड़ई मेला की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिस पर ग्रामीणों ने आसपास व दूर-दराज के लोगों से अपील कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मातर मड़ई मेला कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** सद्गुरू कबीर साहेब पंथ श्री हुजुर प्रकाशमुनिनाम साहेब के आर्शीवाद से ग्राम मुंगेलीडीह-गोछिया में 17 से 19 जनवरी तक तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही साथ कबीर सत्संग ग्रंथ मंडली समिति द्वारा कबीर भजन-गायन कर कबीरदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। जिसमें शुभारंभ 17 जनवरी को मंहत चेतन दास के करकमलों से द्वीप प्रज्जवलित किया, 18 जनवरी के गुरू माता अजंली गोस्वामी तथा 19 जनवरी को चौका आरती गुरू गोस्वामी राकेश साहेब द्वारा तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह संपन्न हुआ। वहीं इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में कबीर पंथी नवयुवक मंडल अमिल माता व समस्त ग्रामवासी मुंगेलीडीह के सहयोग से संपन्न हुआ।

# शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से चावल नहीं मिलने पर हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, घोरपेंड्री सहित आसपास के कई गांवों में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से समय पर चांवल नहीं मिलने के कारण राशन कार्डधारी हितग्राही परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कई शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चांवल का भंडारण नहीं होने से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह निर्धारित तिथि, विशेषकर 7 तारीख तक राशन कार्डधारियों को चांवल का वितरण किया जाना चाहिए, ताकि दैनिक जरूरतों के लिए गरीब परिवारों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि 19 तारीख बीत जाने के बाद भी कई उचित मूल्य दुकानों में चांवल का भंडारण नहीं किया गया है। इससे हितग्राही रोजाना सेवा सहकारी समिति और दुकान के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

ग्रामीण हितग्राही पूछते रहते हैं कि चांवल आया या नहीं, लेकिन उन्हें हर बार निराश होकर लौटना पड़ता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश हितग्राही गरीब और श्रमिक वर्ग के परिवार ऐसे हैं, जिनका चूल्हा शासकीय उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाले चांवल पर ही जलता है। वहीं चांवल नहीं मिलने की स्थिति में उन्हें मजबूरी में निजी दुकानों से अधिक कीमत पर चांवल खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी पहले से कमजोर आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कई हितग्राहियों ने बताया कि मजदूरी या खेती-किसानी से मिलने वाली सीमित आय में महंगे दाम पर चांवल खरीदना उनके लिए बेहद कठिन हो गया है। इस समस्या को लेकर हितग्राहियों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

लोगों का कहना है कि यदि शासन प्रशासन द्वारा समय पर भंडारण और वितरण सुनिश्चित करे, तो उन्हें इस प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण ही चांवल का भंडारण समय पर नहीं हो पा रहा है, जिसका खामियाजा आम जनता व ग्रामीण हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है। जिस पर हितग्राहियों एवं ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जिन शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अब तक चांवल का भंडारण नहीं हुआ है, वहां तत्काल भंडारण कराया जाए और वितरण व्यवस्था को सुचारु किया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर निगरानी रखते हुए ठोस कार्यवाही की जाए, ताकि राशन कार्डधारियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।



## सौगात: पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में बिछ रहा सड़कों का जाल

# विधायक ने 3.41 करोड़ से अधिक के सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के गांव-गांव तक पक्की सड़कों की पहुंच और ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों तक सुगम व सुलभ सुविधाएं पहुंच रही है। इसी कड़ी में आज पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 3 करोड़ 41 लाख 20 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले मेन रोड से ग्राम दनियाखुर्द तक 5 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी और इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

जनता की इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण की मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया, आज क्षेत्रवासियों की मांग पूरी हो रही है वहीं पंडरिया विधानसभा में निरन्तर विकास कार्य हो रहें जिससे आम नागरिकों को सुविधा और लाभ मिल रहा है। इस सड़क के निर्माण से ग्राम तालपुर एवं बिरनपुर सहित आस-पास के क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर हो रहे सड़क निर्माण ग्रामीण विकास,

**पंडरिया विस निर्माण कार्यों से तेजी से आगे बढ़ रहा: भावना**



विधायक ने कहा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में लगातार सड़क निर्माण और ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार का कार्य हो रहा है। हमारा संकल्प है कि पंडरिया का कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे। विधानसभा में नई सड़कों, पुल-पुलियों और अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है। यह सड़क निर्माण कार्य पंडरिया विधानसभा के लिए विकास की मजबूत नींव साबित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से न केवल गांवों का शहरों से संपर्क बढ़ेगा, बल्कि युवाओं को रोजगार, किसानों को बेहतर बाजार और आमजन को बेहतर दैनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी विकास नीति और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में पंडरिया विधानसभा विकास, सुविधा और समृद्धि की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

मजबूत अधोसंरचना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास नीति का मूल मंत्र है कि गांव मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा। इसी सोच के साथ केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने का निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने आज गांवों को केवल शहरों से ही नहीं, बल्कि विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार के समन्वय से पंडरिया विधानसभा में निरंतर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिल रही है। किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में सुविधा, व्यापार और व्यवसाय को बढ़ावा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहें हैं। सड़क निर्माण के दौरान श्रमिकों को काम मिलेगा और भविष्य में आवागमन सुगम होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और आपात सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी।

इस दौरान विधायक भावना बोहरा ग्राम दनिया खुर्द में पटेल समाज द्वारा आयोजित मां शाकंभरी जयंती में शामिल हुई। उन्होंने समाजजनों को संबोधित कर कहा कि मां शाकम्भरी केवल एक देवी नहीं, बल्कि प्रकृति, कृषि और मानव जीवन के संरक्षण की प्रतीक हैं। मां शाकम्भरी हमें यह संदेश देती हैं कि प्रकृति का सम्मान, अन्न का आदर और परिश्रम से अर्जित संसाधनों का सदुपयोग ही समाज की सच्ची सेवा है। उनका जीवन दर्शन हमें सिखाता है कि केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए सोचने का भाव ही वास्तविक धर्म है। भूमिपूजन कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, सदस्यगण, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

# ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना खेती की ओर बढ़ता किसानों का रुझान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला एवं सेमरकोना सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों का रुझान तेजी से गन्ना फसल की खेती की ओर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। क्षेत्र में लगातार गन्ना की खेती का रकबा बढ़ रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि किसान अब पारंपरिक फसलों के बजाय लाभकारी फसलों को प्राथमिकता दे रहे हैं। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार गन्ना एक ऐसी फसल है, जिसे एक बार लगाने के बाद लंबे समय तक अच्छा लाभ मिलता है। गन्ना की फसल में मात्र तीन से चार बार सिंचाई की आवश्यकता पड़ती है, जो गर्मी के महीनों तक पर्याप्त रहती है। इसके बाद फसल का उत्पादन लगातार बढ़ता हुआ दिखाई देता है। सही देखरेख और समय पर कटाई से किसानों को लाखों रुपए तक की आमदनी हो रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। वहीं दूसरी ओर धान की खेती से किसानों का धीरे-धीरे मोह भंग होता जा रहा है। धान की फसल में बार-बार रोग लगने, कीट प्रकोप और बढ़ती लागत ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। महंगे खाद और दवाइयों का उपयोग करने के बाद भी अपेक्षित उत्पादन नहीं मिल पाता, जिससे मेहनत के अनुपात में लाभ कम रह जाता है। इन्हीं कारणों से किसान अब गन्ना की खेती को सुरक्षित और अधिक लाभकारी विकल्प मान रहे हैं। गन्ना की फसल में बीमारी का खतरा कम रहता है और बाजार में इसकी मांग भी बनी रहती है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होता है। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना खेती का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है

# एचआईवी-एड्स जागरूकता पर रंगोली व पोस्ट प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

मेरा युवा भारत कवर्धा एवं छत्तीसगढ़ एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में शाला त्यागी युवा कार्यक्रम अंतर्गत एचआईवी एड्स पर जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकित चित्र सहित रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कुण्डा में किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर इस प्रतियोगिता में भाग लिया सभी प्रतिभागियों ने एचआईवी एड्स जागरूकता पर अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन रंगोली व पोस्ट नामांकित चित्र सहित बनाया। वहीं पुरषोत्तम निर्मलकर पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य प्रकाश डालते हुए कहा जनमानस में एचआईवी व एड्स के प्रति लोगों को सजक व जागरूक किया, जिससे लोग एचआईवी एड्स से बच सके और सतर्क रहे यदि किसी व्यक्ति को एचआई वी एड्स के लक्षण दिखाई देता है तो सबसे पहले नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना सही जांच कराए। अधिक जानकारी के लिए एचआईवी एड्स टोल फ्री नंबर 1097 पर कॉल करें और अधिक जानकारी प्राप्त करें। एचआई वी संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी स्तर पर भेद-भाव करना एचआईवी एड्स पॉलिसी एक्ट-2017 अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से एचआईवी एड्स के विभिन्न लक्षणों व सावधानियों के विषय पर बहुत ही शानदार प्रदर्शन सभी प्रतिभागियों का रहा निश्चित रूप से जागरूकता ही बचाव है अधिक से अधिक लोगों को हम सब मिलकर जागरूक करें इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सहायक प्राध्यापक झगर साहू व विकास जोशी शामिल थें। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री चंद्राकर, द्वितीय स्थान मंजू देवांगन, तृतीय स्थान रोशनी चंद्राकर ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गामेश्वरी चंद्राकर, द्वितीय स्थान गरिमा साहू, तृतीय स्थान जमुना साहू ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को पेन और कॉपी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित निर्मलकर के द्वारा किया गया।



## विद्यार्थियों ने नर्मदा कुंड, खैरागढ़ विश्वविद्यालय व डोंगरगढ़ के दर्शन कर जाना छत्तीसगढ़ का गौरव

# मक्के स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मक्के स्कूल के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें प्रदेश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल, एशिया के एकमात्र संगीत विश्वविद्यालय और डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दरबार में हाजिरी लगाई। भ्रमण की शुरुआत सुबह नर्मदा कुंड के दर्शन से हुई। यहां छात्रों ने नर्मदा नदी के उद्गम और उसके धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। जल संरक्षण और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना जगाने के लिए रामसिंह साहू ने छात्रों को इस स्थल के भौगोलिक महत्व के बारे में विस्तार से समझाया।

भ्रमण का अगला पड़ाव इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ रहा। एशिया के इस सबसे बड़े संगीत और कला विश्वविद्यालय के परिसर में पहुंचकर छात्र छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गए। विश्वविद्यालय के संग्रहालय में रखी दुर्लभ वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी और विभिन्न कलाकृतियों ने छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। यहां उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक कला और नृत्य की बारीकियों के बारे में जानने और समझने का अवसर मिला। संकुल समन्वयक रामसिंह साहू ने छात्राओं को कला के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और इस संस्थान के ऐतिहासिक गौरव के बारे में विस्तार से बताया। वहीं शाम के समय सभी छात्र मां बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ पहुंचे भोजन करने के पश्चात सीढ़ी से चढ़ना बच्चों के लिए काफी आनंद, उत्साहपूर्ण रहा इस दौरान बच्चे थकते हुए दिखाई नहीं दिए जो बच्चों का उत्सुकता और आनंद उनके चेहरे में दिखाई दे रहा था, चढ़ते हुए पहाड़ी पर छात्रों ने प्रकृति के मनोरम दृश्यों का आनंद लिया। मंदिर में दर्शन के पश्चात छात्रों ने पहाड़ की ऊंचाई से डोंगरगढ़ की सुंदर तलहटी को देखा। मंदिर के ऐतिहासिक महत्व और यहां आयोजित होने वाले मेलों के बारे में शिक्षकों ने रोचक तथ्य साझा किए। जिस पर स्कूल के प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, प्रधान पाठिका एलविना विलसन, शिक्षक कौशल खांडे, युगल किशोर साहू ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्र छात्राओं में किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ भी विकसित होती है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने अनुशासन का परिचय दिया और सामूहिक रूप से गीतों और चर्चाओं का आनंद लिया। यह यात्रा हम सब के लिए अविस्मरणीय रही। हमने न केवल छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को करीब से देखा, बल्कि इतिहास और भूगोल के कई नए अध्याय भी सीखे।

# राम्हेपुर स्कूल में प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू, हिन्दी पेपर देकर विद्यार्थी दिखे उत्साहित



- परीक्षा में परीक्षार्थी शांति पूर्वक दिया परीक्षा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में सोमवार को कक्षा 10वी का प्री-बोर्ड परीक्षा का हिंदी पेपर रहा, यह परीक्षा 17 से 23 जनवरी तक आयोजित होगी। बताया जाता है कि प्री-बोर्ड परीक्षा का प्रश्न पत्र जिला स्तर से वार्षिक बोर्ड परीक्षा के ब्लू-प्रिंट पैटर्न पर छपकर प्राप्त हुआ है, प्रश्न पत्र हल करके बच्चो को निश्चित ही वार्षिक परीक्षा में लाभ होगा यह परीक्षा बच्चो की तैयारी करने में मदद करती है और वार्षिक परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी और अच्छे अंक प्राप्त कर टॉपर बन सकते हैं। आज की परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या श्रीमती संतोष सलूजा, एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक उपस्थित थें। वहीं हिंदी की सरल पेपर हल कर बच्चे के चेहरे खुशी से खिले व उत्साहित दिखाई दिए।

## वनांचल क्षेत्र कुशियारी में प्रीमियर लींग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के वनांचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुशियारी में प्रीमियर लींग-2026 क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी अशोक मरावी के कर-कमलों से पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अशोक मरावी ने अपने संबोधन में कहा कि छोटे गांव में इस प्रकार का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। ऐसे छोटे-छोटे क्रिकेट प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बड़े प्रतियोगिता में अक्सर छोटी टीमों को भाग लेने का अवसर नहीं मिल पाता, लेकिन इस तरह की स्थानीय प्रतियोगिताओं के माध्यम से छोटे गांवों की टीमों और खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है। इससे युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को पहचान मिलती है। शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात प्रतियोगिता का पहला मैच महीडबरा और बाटीपथरा की टीमों के बीच खेला गया। जिस पर मुख्य अतिथि अशोक मरावी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का विधिवत शुभारंभ कराया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें। कार्यक्रम में विशेष रूप से दुजराम यादव, छोटन सिंह, प्रेमसिंह, कार्तिक सियाराम, खेलन पंदराम, छोटूराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी उपस्थित थें। सभी ने आयोजकों की सराहना करते हुए कुशियारी प्रीमियर लींग-2026 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### घनश्याम बने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

**कवर्धा।** एआईसीसी की ओर में छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट, विजय जांगिड़, जिलाध्यक्ष नवीन जायसवाल के निर्देश से छत्तीसगढ़ में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का अनुमोदित लिस्ट जारी किया गया। जिसमे घनश्याम साहू की मेहनत, सक्रियता पार्टी निष्ठा, मिलनसार योग्यता को देखते हुए आम जनता और किसान, सभी वर्गों के बीच पकड़ बनाने के लिए घनश्याम साहू को पंडरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। घनश्याम साहू पूर्व मे जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री, पूर्व जिला जेल संदर्शक, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका पंडरिया और साहू समाज में भी लगातार जिला, प्रदेश पदाधिकारी के रूप में काम कर रहें है। ओबीसी महासभा का वर्तमान मे प्रदेश सचिव भी हैं। श्री साहू की सक्रियता और मेहनत को देखते हुए पंडरिया ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। ब्लाक अध्यक्ष के शपथ लेने के बाद पूरा क्षेत्र के किसान जन, कार्यकर्ता वरिष्ठ नेताओं व लोगों बहुत उत्साह बना हुआ है।

### सड़क मरम्मत कार्य किया गया प्रारंभ

**कवर्धा।** जिले के ग्राम बानों से घानीखुटा घाट होते हुए रेंगाखार तक 28.40 किलोमीटर लंबी सड़क का रखरखाव लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि पेवर मशीन और रोलर के माध्यम से सड़क मरम्मत का कार्य तेड़ी से प्रगति पर है। वर्षा ऋ तु के दौरान ग्राम बानों क्षेत्र में डब्ल्यूएमएम गिट्टी से पेंच रिपेयर कर मार्ग को दुरुस्त किया गया। इसके बाद बारिश समाप्त होते ही सबसे अधिक क्षतिग्रस्त 11 किलोमीटर सड़क की बीटी पेंच रिपेयर प्राथमिकता के साथ पूरी कर ली गई, जो दिसंबर 2025 तक पूर्ण हो चुकी है। शेष 17.40 किलोमीटर मार्ग की मरम्मत भी सुव्यवस्थित योजना के तहत लगातार जारी है, जिसे 25 जनवरी तक पूरा किया जा रहा है।

### दो परिवारों मिली आर्थिक सहायता राशि

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत पिपरिया तहसील ग्राम साकिन गुढ़ा निवासी रेशमी साहू की अज्ञात जहरीला सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता लीलागर साहू और तहसील कवर्धा के साकिन-दौजरी निवासी वासू चन्द्रवंशी का तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता गजाधर चन्द्रवंशी को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 20 जनवरी को

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में 20 जनवरी 2026 को 1 बजकर 30 मिनट में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

**अनदेखी:** जिले में बेखौफ चल रहा है अवैध शराब का धंधा, कार्रवाई शून्य

# जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण में खप रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस एवं जिला आबकारी विभाग की अनदेखी के चलते जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में जमकर झूम बराबर झूम शराबी का नजारा देखने को मिल रहा है। आलम ये है कि जिन क्षेत्रों में सरकारी शराब दुकाने नहीं है उन क्षेत्रों में भी बड़ी आसानी से खुलेआम अवैध शराब बेंची और खरीदी जा रही है। सूत्रों के मुतबिक विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल के गांवों में जहां महुए की अवैध शराब का कारोबार बेखौफ और धड़ल्ले से चल रहा है वहीं सरकारी शराब दुकान की बोतलें भी कोचियों के माध्यम से घर पहुंच सेवा के तहत हाथों हाथ बेची जा रही हैं। इसे पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत कहें अथवा फिर उनकी मजबूरी जिसके चलते इस अवैध कारोबार पर कोई कठोर कार्यवाही नहीं हो रही है। जिम्मेदार विभागों द्वारा इस मामले की अनदेखी अथवा संरक्षण के परिणाम स्वरूप ही शराब का अनैतिक और गैरकानूनी धंधा यहां आम धंधा बन चुका है। यही कारण है कि अंचल में शराब के अवैध पेशे से जुड़े लोग इसे रोजगार के रूप में इस तरह भयमुक्त होकर कर रहे हैं जैसे उनको शराब बनाने और बेचने का लाइसेंस मिला हुआ है। इसे गिरते सामाजिक स्तर और चौपट होती कानून व्यवस्था का ही नतीजा कहा जा सकता है कि ग्रामीण अंचलों में शराब पीने और बेचने वाले जहां दबंग होते जा रहे हैं वहीं आम लोग सहमे हुए नजर आते हैं।

### जानकारी के बाद भी कार्यवाही नहीं




ग्रामीणों की मानें तो आज की स्थिति में शराब और सट्टा के धंधे से जुड़े लोगों की पूरी जानकारी कानून के रखवालों को है। पुलिस और आबकारी विभाग भले ही अंचल के जनप्रतिनिधि और प्रतिष्ठित व्यक्ति को न पहचानें किंतु ऐसे लोगों को नाम और चेहरे से न केवल जानते हैं बल्कि मित्रता भी रखते हैं। ऐसे तत्वों को गांव के छुटभैये राजनीतिक कार्यकर्ताओं का भी संरक्षण मिलता है बदले में इन्हें शराब की फ्री सर्विस दी जाती है। दिन ब दिन गांवों में नशे का प्रचलन बढ़ते जा रहा है। यहां के नौनिहाल शराब की गिरफ्त में बुरी तरह जकड़ते जा रहे हैं। शाम होते ही गांवो के युवा ही नहीं किशोर बच्चे भी नशे की तलाश करने लगते हैं! नशे की यह लत अब उनकी दैनिक जरूरत बनती जा रही है जो उन्हें हर तरह की बुराई के दलदल में ले डूबेगी।



# धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा बाल-बाल बचा चालक

- वाहन चालक की लापरवाही व तेज रफ्तार बनी दुर्घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदुर

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम ताईतिरनी के पास सोमवार की सुबह धान के बोरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस सड़क हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। हालांकि मामले में अभी तक पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी-09 जेएन 8614 का अज्ञात चालक विकासखण्ड पंडरिया के धान खरीदी केन्द्र महिडबरा से धान भरकर जा रहा था। बताया जाता है कि ट्रक महिडबरा से बमुस्किल पांच किलो मीटर ही पहुंचा था कि इसी दौरानग्राम ताईतिरनी के पास मोड़ में तेजरफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। लेकिन इसे ट्रक चालक की सूझबूझ ही कहें की ट्रक पलटने से पहले कूद कर उसने अपनी जान बचा ली। अभी तक इस मामले में पुलिस कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।

# जरूरतमंद सात दिव्यांगों को विधायक ने वितरित किए सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रणवीरपुर



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रणवीरपुर में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा के कर-कमलों से दिव्यांग हितग्राहियों को आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान कुल 07 दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 03 हितग्राहियों को बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, 02 को सामान्य ट्रायसाइकिल, 01 को व्हीलचेयर तथा 01 दिव्यांगजन को बैसाखी प्रदान की गई। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों की गतिशीलता में वृद्धि होगी और वे आत्मनिर्भर होकर अपने दैनिक कार्य सरलता से कर सकेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से विनायक सिंह ठाकुर तथा जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा से बिजे पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक एवं आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने इस पहल के लिए शासन-प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# पीजी कालेज मैदान में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

- कलेक्टर ने तैयारियों के लिए अधिकारियों को सौपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी वर्ष 2026 का ध्वजारोहण एवं जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन आचार्य पंथ श्री गृंथमुनी नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में होगा। राष्ट्रीय पर्व का यह आयोजन गरिमामय एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। राज्य शासन के विभिन्न विभागों में संचालित जनकल्याण तथा लोककल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक पारंपारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की साझा बैठक ली। कलेक्टर ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों का अलग-अलग दायित्व भी सौपा है। जिला पंचायत को झांकी प्रदर्शनी, संम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी बनाए गए है। पुलिस अधीक्षक को ध्वजा रोहण, सलामी, मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण के लिए वाहन एवं अन्य आवश्यक संपूर्ण व्यवस्था तथा ध्वजारोहण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां, झंडा कोड का पालन सुनिश्चित एवं पार्किग व्यवस्था सहित सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की रात्रि में जिले के सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 का आयोजन पूरे जिले में गरिमापूर्ण तरीके से किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों द्वारा (गार्ड ऑफ ऑनर) सलामी दी जाएगी। इसके बाद जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा।

# युवति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुई निवासी एक 22 वर्षीय युवति ने मौका पाकर अपने ही घर में फांसी ल गा क र आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। लेकिन अभी तक युवति द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण अज्ञात बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुई निवासी लीना पिता घनश्याम मेश्राम आयु 22 वर्ष ने रविवार की रात अपने परिजनो के साथ भोजन करने के बाद सोने के लिए कमरे में चले गई। बताया जाता है कि इसी दौरान उसने कमरे में पंखा लटके हुक में साड़ी से फांसी का फंदा कसकर आत्महत्या कर ली। परिजनो को इस घटना की जा न का री सोमवार की सुबह उस समय हुई जब उन्होने काफी समय तक लीना के कमरे से बाहर नहीं आने पर कमरे में जाकर देखा। वह फांसी के फंदे में मृत अवस्था में लटकी हुई थी। जिसकी जानकारी तत्काल कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। हालांकि अभी तक मृतका द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पंडरिया शक्कर कारखाना के किसानों को पूरा भुगतान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना, पंडरिया ने पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना बेचने वाले सभी किसानों का पूरा भुगतान कर दिया है। कारखाना में गन्ना विक्रय करने वाले 7,658 किसानों की शेष राशि 18.27 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से कुल 2.73 करोड़ रुपए आज 19 जनवरी 2026 को बैंक के माध्यम से भेज दी गई है। इस पेराई सत्र में किसानों को अतिरिक्त रिकवरी राशि के रूप में 99.27 रुपये प्रति क्विंटल देना था। इसमें से पहले ही 81 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा चुका था। अब शेष राशि भी दे दी गई है। इस तरह पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना बेचने वाले सभी किसानों को पूरी राशि मिल चुकी है। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया में पेराई जारी है। कारखाना प्रबंधन ने सभी गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे वर्तमान पेराई सत्र में भी अपना गन्ना इसी कारखाना में विक्रय करें।

### पीएम सूर्यघर योजना से दीपक पटेल को मिली मुफ्त बिजली

**कवर्धा।** सरकार की योजनाएं जब जमीन पर असर दिखाती हैं, तो आम लोगों की जिंदगी आसान बनती है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ऐसी ही एक पहल बनकर सामने आई है, जिससे अब नागरिक मुफ्त बिजली की ओर आगे बढ़ रहे है। इसी योजना के तहत कवर्धा के दीपक पटेल का घर अब न सिर्फ रोशन हो रहा है, बल्कि खुद बिजली भी बना रहा है। कबीरधाम जिले के कवर्धा शहर के गोकुलधाम, गली नंबर एक में रहने वाले दीपक पटेल का पहले हर महीने 1200 से 1800 रुपये तक बिजली बिल आता था। घरेलू उपकरण बढ़ने के साथ खर्च लगातार बढ़ रहा था, जिससे परिवार का बजट बिगढ़ने लगा था। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जुडने के बाद यह समस्या अब पूरी तरह खत्म हो गई है। दीपक पटेल ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया है। इसके लिए करीब 2 लाख रुपए का खर्च आया, जिसमें केन्द्र सरकार से 78 हजार रुपये की सब्सिडी मिल चुकी है, जबकि राज्य सरकार से 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिलनी शेष है। सरकारी सहायता से उनका आधे से अधिक खर्च कम हो गया। दीपक पटेल बताते हैं कि सोलर पैनल लगने के बाद इस महीने उनका बिजली बिल शून्य आया है। उन्होंने कहा कि घर की छत पर पहले जो जगह खाली रहती थी, आज वही जगह बिजली उत्पादन का साधन बन गई है। अब उनका घर अपनी जरूरत की बिजली खुद बना रहा है। योजना की जानकारी मिलते ही दीपक पटेल ने सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया। सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनके घर सोलर पैनल लगाया गया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जिले में लगातार लोग जु? रहे हैं। कई घरों में सोलर पैनल लग चुके हैं, जिससे न केवल बिजली खर्च में कमी आ रही है, बल्कि लोग स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में भी कदम बढ़ा रहे हैं।

ग्रामीण बस्ती में खुले पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर और हाई वोल्टेज तार, हर साल मौत

# विद्युत विभाग की खस्ताहाल व्यवस्था दे रही दुर्घटना को न्योता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के ग्रामीण अंचलों में हर साल विद्युत विभाग की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था के चलते कई लोग और मवेशी करंट से अपनी जान गवां रहे हैं। लेकिन फिर भी विद्युत विभाग अपनी व्यवस्थाओं को दुरूस्त और सुरक्षित करने कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम माकरी में विभाग की ऐसी ही चरमराई और खस्ताहाल व्यवस्था दुर्घटना को न्यौता देते दिखाई दे रही है। इस संबंध में जनपद सदस्य अंबिका गोलू सोनवानी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कुण्डा से माकरी रोड सड़क निर्माण के चलते विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर को सिप्ट किया गया था लेकिन विभाग द्वारा जिस ढंग से नए पोल और ट्रांसफार्मर को लगाया गया है उससे करंट और दुर्घटना की आशंका बढ़ गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बेतरतीब ढंग से किए गए इस कार्य के चलते जहां कई विद्युत पोल झुक चुके है वहीं ट्रांसफार्मर के खुले कटआउट तथा करंट प्रवाहित तार से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। उन्होने बताया कि यह रोड चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाली है। जिससे होकर किसान फसल परिवहन करते है और स्कूली बच्चों का आना जाना भी लगा रहता है। ऐसे में इस तरही की विभागीय लापरवाही लोगों पर भारी पड़ सकती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरह की विभाग लापरवाही जिले के कई ग्रामीण अंचलों में साफ देखी जा सकती है लेकिन शिकवा शिकायत के बाद भी विभाग इसे व्यवस्थित करने कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

### शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि संबंध में कई बार विद्युत विभाग से शिकवा शिकायत कर चुके है लेकिन विभाग द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जा सकता है। विभाग की इस उपेक्षा व अनदेखी को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग किसी दुर्घटना के इंतजार में है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ की धरा पर साहित्य, संस्कृति और विचारों का संगम-23 से 25 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपरा को राष्ट्रीय पटल पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से रायपुर साहित्य उत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 23 से 25 जनवरी 2026 तक नवा रायपुर अटल नगर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित होगा। यह उत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा, लोक परंपराओं और साहित्यिक चेतना को नई पीढ़ी से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। देशभर से प्रतिष्ठित साहित्यकार, कवि, कथाकार, विचारक, कलाकार, पत्रकार, रंगकर्मी और साहित्य प्रेमी इस आयोजन में सहभागिता करेंगे। रायपुर साहित्य उत्सव-2026 का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजना, उसे एक व्यापक मंच प्रदान करना तथा विभिन्न भारतीय भाषाओं के साहित्यकारों, पाठकों और रचनाकारों को एक साझा संवाद से जोड़ना है।

उत्सव के दौरान साहित्यिक संवाद, विचार-मंथन, समकालीन विषयों पर परिचर्चाएं, कविता पाठ, कथा सत्र, पुस्तक विमोचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं कला-प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन न केवल साहित्यिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विमर्श को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

**कला के लिए ओपन माइक सत्र होगा आयोजित**

रायपुर साहित्य उत्सव-2026 के अंतर्गत ओपन माइक सत्र का विशेष आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों, युवाओं एवं नवोदित रचनाकारों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का मंच मिलेगा।

कविता, कहानी, विचार, गीत, नाट्य अंश अथवा अन्य रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से प्रतिभागी अपनी सृजनात्मक क्षमता को नई उड़ान दे सकेंगे। यह सत्र साहित्य, आत्म-अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास होगा।